हरिभूमि रायपुर भूमि



अप्रैल से शुरू हो सकेगा कचना ओवरब्रिज, ब्रिज में गर्डर लॉन्चिंग के बाद निर्माण कार्य में तेजी



# कचना ओवरब्रिज शुरू होने में लगेगा एक महीने का और समय गर्डर के ऊपर चल रही सड़क ढलाई, 70 फीसदी काम पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

कचना ओवरब्रिज को आम जनता के लिए शुरू होने में अभी लगभग एक महीने का समय और लगेगा। ब्रिज में गर्डर लॉन्चिंग के बाद निर्माण कार्य में काफी तेजी आई है। वर्तमान में पूरा फोकस गर्डर के ऊपर चल रहे काम पर है और वहां सीमेंटिंग, सड़क ढलाई की जा रही है। अब तक ओवरब्रिज का 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। गर्डर के ऊपर सीमेंट की सड़क का काम पूरा होते ही ओवरब्रिज की पूरी सड़क बनकर तैयार हो जाएगी। इसके साथ ही ब्रिज पर यातायात नियमों के अनुसार जरूरी साइनबोर्ड और संकेत भी बनकर तैयार हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक अप्रैल में काम पूरी तरह से खत्म होने के बाद इसे आम लोगों की आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा। मंगलवार को हरिभूमि टीम कचना पहुंची। यहां काम कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि एक महीने के भीतर कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। सड़क ▶▶ शेष पेज 11 पर

### ब्रिज के लिए दिशा-सूचक बोर्ड भी बनकर तैयार

ओवरब्रिज का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। ब्रिज के दोनों छोर पर लगने वाले दिशा-सूचक बोर्ड भी बनकर तैयार हो चुके हैं। इनमें से एक बोर्ड कचना की ओर और दूसरा खम्हारडीह की ओर लगाया जाएगा। इन बोर्ड्स में यात्रियों की सुविधा के लिए यह जानकारी दी जाएगी कि यह ब्रिज आगे कहां जाएगा। जल्द ही इन बोर्ड्स को ब्रिज पर स्थापित करने का काम भी शुरू कर दिया जाएगा। ओवर ब्रिज के शुरू होने के बाद रेलवे क्रासिंग में फंसने से यात्रियों को मुक्ति मिलेगी। वर्तमान में क्रासिंग के वजह से रोजाना हजारों लोगों को समय बर्बाद हो जाता है। जाम के कारण कचना और शंकर नगर जाने वाले लोगों को दिक्कत भी होती है। लगातार 5 सालों तक चले ओवरब्रिज का कार्य अब अंतिम चरण में है।

## खबर संक्षेप

### चाकू लेकर घूमते धरे गए 3 बदमाश







**रायपुर।** शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने चाकू लेकर घूमते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन तीनों युवकों को गुढ़यिारी, खमतराई एवं रामनगर चौकी क्षेत्र से पकड़ा गया है। इसमें भारत माता चौक गुढ़ियारी के पास भानुप्रताप महिलांग निवासी गोगांव पुरानी बस्ती, कर्मा चौक के पास से मनीष उर्फ मोहन साहू निवासी रामनगर कर्मा चौक तथा डब्ल्यूआरएस कॉलोनी के पास से महेंद्र टांडी निवासी जागृति नगर खमतराई को गिरफ्तार किया है। तीनों के कब्जे से 1-1 धारदार चाकू जब्त किया है। तीनों के विरुद्ध पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### सूने मकान में धावा 45 हजार की चोरी

**रायपुर।** शहीर नगर बिरगांव में एक सूने मकान में चोरी हो गई। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी बहुरा देवांगन ने उरला थाने में दर्ज कराई है। 8 मार्च की रात में कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आलमारी में रखे नकदी 5 हजार रुपए एवं लगभग 40 हजार कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामले में बीएनएसः 331-4, 305-1 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### मकान खाली करने दी धमकी, घर में घुसकर मारपीट

**रायपुर।** मकान खाली कराने के नाम पर मारपीट के मामले में पुरानी बस्ती पुलिस ने केस दर्ज किया है। प्रार्थिया विजय लक्ष्मी निवासी वॉलफोर्ट हाईट भाठागांव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विजय जग्गा एवं उसका एक अन्य साथी ने जबरन उसके घर में घुसकर उसे मकान खाली करने के लिए गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में बीएनएसः 296, 351-2, 333 के तहत अपराध दर्ज किया है।

*अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध से गैस सिलेंडरों की आपूर्ति हो सकती है प्रभावित, प्रशासन ने कहा, स्थिति सामान्य, पैनिक होने की जरूरत नहीं*

# संकट नहीं, पर सिलेंडर के लिए अभी से युद्ध कालाबाजारी की आशंका, 'सख्त एक्शन'



### प्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर आमजन को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। प्रदेश में एलपीजी के साथ ही पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में रसोई गैस की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को गैस एजेंसियों के स्टॉक की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा आपूर्ति व्यवस्था पर सतत नजर रखने को कहा गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर कमर्शियल और घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पर भी पड़ने की आशंका है। अगर ऐसा हुआ तो गैस सिलेंडरों की किल्लत के साथ इसकी कालाबाजारी भी बढ़ सकती है, जिससे सबसे ज्यादा परेशानी आम लोगों को होगी। गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित हुई तो लोगों को सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों के कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ेंगे या फिर स्टॉक की कमी से ब्लैक में अधिक मूल्य देकर खरीदना पड़ेगा। इसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने अभी से सभी गैस एजेंसियों पर सख्ती करना शुरू कर दिया है। इसके ▶▶ शेष पेज 11 पर



### पैनिक हो रहे लोग, बुकिंग-रीफिलिंग कराने लग रही एजेंसी के दफ्तरों में भीड़

अमेरिका, इजरायल का ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण एशिया के कई देशों में तेल और गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पर असर पड़ा है। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश में भी इसका असर पड़ सकता है। हालांकि वर्तमान में अभी कोई असर देखा नहीं गया है। इसके बाद भी लोगों में सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने की अफवाह फैली हुई है, जिसके कारण कई लोग पैनिक भी हो रहे हैं। यही कारण है कि गैस एजेंसियों में रीफिलिंग के साथ बुकिंग कराने वालों की हर दिन भीड़ लग रही है।

### गैस एजेंसियों को इन निर्देशों का करना होगा पालन

**साप्ताहिक रिपोर्ट देंगे :** सभी डीलरों को प्रत्येक सप्ताह में गैस कंपनी से प्राप्त घरेलू और व्यावसायिक सिलेंडर के आवक–जावक और बचत की जानकारी खाद्य विभाग को देना होगा।

**निष्क्रिय उपभोक्ताओं की सूची देंगे :** जो उपभोक्ता पिछले तीन महीने से सिलेंडर नहीं ले रहे हैं, उनकी सूची 3 दिन के भीतर डिलरों को खाद्य विभाग को उपलब्ध करानी होगी।

**आपूर्ति वाहन की जानकारी देंगे :** सभी डीलरों के पास जितने भी गैस आपूर्ति वाहन हैं, उनके नंबर, ड्राइवर का नाम और ड्राइवर का मोबाइल नंबर देना होगा, साथ ही आपूर्ति करने वाले वाहन किसी भी सार्वजनिक स्थान पर आपूर्ति नहीं करेंगे।

**बिल और कार्ड एंट्री :** घरेलू गैस उपभोक्ता को बिल अनिवार्य रूप से देना होगा। इसकी एक प्रति कार्यालय में भी रखना होगा, जिसमें उपभोक्ता का हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। गैस उपभोक्ता कार्ड में एंट्री अनिवार्य रूप से होनी चाहिए।

**व्यावसायिक सिलेंडर की आपूर्ति :** व्यावसायिक उपयोग के लिए दिए जाने वाले व्यवसायिक सिलेंडर केवल उन उपभोक्ताओं को दिए जाएं, जिनके पास एजेंसी के गैस कार्ड हैं। व्यवसायिक गैस सिलेंडर की आपूर्ति भी गैस कार्ड पर किए जाएंगे। ▶▶ शेष पेज 11 पर

# ये कैसी निशुल्क शिक्षा ? गरीब छात्रों से परीक्षा के 60 लाख वसूलेगा शिक्षा विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

16 मार्च से पांचवी-आठवीं की परीक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी। इस बार परीक्षाएं केंद्रीकृत होंगी। पिछले वर्ष भी 5वी-8वीं की परीक्षाएं केंद्रीकृत हुई थीं, लेकिन निजी स्कूलों को इससे छूट दे दी गई थी। इस बार निजी स्कूलों के छात्रों के लिए भी इसमें शामिल होना अनिवार्य कर दिया गया है। पांचवी कक्षा के लिए 55 रुपए फीस प्रति छात्र निर्धारित की गई है। इसी तरह से आठवीं कक्षा में प्रतिछात्र 60 रुपए फीस निर्धारित है। निजी स्कूलों में शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत अध्ययनरत गरीब बच्चों से भी यह राशि ली जा रही है। निजी स्कूलों द्वारा इसका भुगतान करने अथवा शासन द्वारा इन छात्रों के लिए व्यवस्था किए जाने के स्थान पर पालकों पर इसका बोझ डाल दिया गया है।

गौरतलब है, निजी स्कूलों में 5वीं कक्षा में आरटीई के अंतर्गत पढ़ने वाले छात्रों की संख्या लगभग 55 हजार है। इनसे 55 रुपए की दर से 33 लाख रुपए लिए जाएंगे। वहीं आठवीं कक्षा में अध्ययनरत छात्रों की संख्या 45 हजार है। इनसे 60 रुपए की दर से 27 लाख रुपए लिए जाएंगे। इस तरह से प्रदेशभर में पांचवी-आठवीं में अध्ययनरत आरटीई छात्रों से 60 लाख रुपए की राशि स्कूल शिक्षा विभाग वसूलेगा।

**16 मार्च से प्रारंभ हो रही है पांचवी-आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षा, निजी स्कूल भी होंगे शामिल**



### एक-दूसरे पर डाल रहे जिम्मेदारी

शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि आरटीई फीस जो शासन द्वारा प्रदान की जाती है, उसमें सभी तरह के शुल्क शामिल रहते हैं। केंद्रीकृत परीक्षा के लिए स्कूलों से छात्र दर के आधार पर राशि मांगी गई है। हमने संस्था का फीस जमा करने कहा है। पालकों से राशि लेने निर्देश नहीं दिए हैं। वहीं दूसरी ओर निजी स्कूल संघ का कहना है कि उन्हें जो आरटीई राशि प्रदान की जाती है, उनमें परीक्षा शुल्क शामिल नहीं होता है। यह केवल शैक्षणिक शुल्क होता है। छोटे स्कूलों के लिए किसी भी तरह का आर्थिक बोझ चिंतनीय है। शासन को गरीब छात्रों के लिए परीक्षा की व्यवस्था निशुल्क करनी चाहिए।

**संस्था से मांगे हैं पैसे**

हमने फीस संस्था से मांगी है, छात्रों से नहीं। फीस की यह राशि आरटीई के अंतर्गत क्लेम करें।
- **हिमांशु भारतीय**, जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर

**परीक्षा फीस का जिक्र नहीं**

आरटीई की प्रतिपूर्ति राशि में कहीं भी परीक्षा फीस का जिक्र नहीं है। हमारे पास शासन को प्रदान करने छात्रों से फीस लेने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं है।
- **राजीव गुप्ता**, अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ




**19 मार्च से नवरात्रि संग प्रारंभ होगा नव संवत्सर**

# विक्रम संवत 2083 : गुरु ही राजा, यह 'रौद्र' संवत्सर, सालभर दिखाएगा प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 की शुरुआत 19 मार्च से होगी। इस बार ग्रहों का बहुत ही शुभ योग संयोग बनने वाला है। पंचांग की गणना के अनुसार, नव वर्ष की शुरुआत में गुरु का गोचर मिथुन राशि में रहेगा, जबकि साल के मध्य में गुरु का गोचर कर्क राशि से होगा और साल के अंत में सिंह राशि में संचार करेंगे। साथ ही राहु और केतु भी इस संवत के अंतिम भाग में राशि परिवर्तन करेंगे, जबकि ▶▶ शेष पेज 11 पर



### प्रतिपदा पर बनेगे विशेष योग

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन यानी 19 मार्च को सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। इसके साथ ही शुक्ल योग और ब्रह्म योग का भी संयोग रहेगा। शुक्ल योग प्रातःकाल से रात 1:17 बजे तक रहेगा, इसके बाद ब्रह्म योग प्रारंभ होगा। सर्वार्थ सिद्धि योग 20 मार्च को सुबह 4:05 बजे से 6:25 बजे तक रहेगा। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन राहुकाल दोपहर 2:00 बजे से 3:30 बजे तक रहेगा। इस समय शुभ कार्य करने से बचना चाहिए।

### उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का संयोग भी

नवरात्रि के पहले दिन उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का संयोग भी रहेगा। नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना और घटस्थापना की जाती है। इस बार 19 मार्च को घटस्थापना का मुहूर्त सुबह 6 बजकर 52 मिनट से शुरू होकर सुबह 10 बजकर 16 मिनट तक रहेगा। यदि इस मुहूर्त में घट (कलश) स्थापना न कर पाएं तो घटस्थापना का मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त में भी रहेगा, जिसका मुहूर्त दोपहर 11 बजकर 52 मिनट से लेकर 12 बजकर 41 मिनट तक रहेगा। धर्म शास्त्रों के अनुसार कलश (घट) को सुख-समृद्धि, वैभव और मंगल कामनाओं का प्रतीक माना गया है। वास्तु के अनुसार ईशान कोण यानि उत्तर-पूर्व जल एवं ईश्वर का स्थान माना गया है और यहां सर्वाधिक सकारात्मक ऊर्जा रहती है, इसलिए पूजा करते समय माता की प्रतिमा या कलश की स्थापना इसी दिशा में करनी चाहिए। देवी पूजा-अनुष्ठान के दौरान मुख्य द्वार पर आम या अशोक के पत्तों की बंदनवार लगाने से घर में नकारात्मक शक्तियां प्रवेश नहीं करती हैं।

## खबर संक्षेप

### गांजा बेचते महिला गिरफ्तार



**आरंग।** थाना आरंग पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा बेच रही एक महिला को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 8 मार्च 2026 को चमेली देवार पति उत्तम देवार (उम्र 40 वर्ष), निवासी देवार पारा आरंग, जिला रायपुर को 500 ग्राम अवैध गांजा बिक्री करते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपिया के विरुद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपिया को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में केंद्रीय जेल रायपुर भेज दिया गया।

### चूड़ामणि बने प्रदेश साहू संघ के संगठन सचिव

**धरसीवां।** प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष डाक्टर निरेन्द्र साहू द्वारा बहुप्रतीक्षित प्रदेश साहू संघ कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमें प्रदेश संगठन सचिव के पद पर रायपुर गुमा निवासी चुड़ामणी साहू की नियुक्ति की गई यह नियुक्ति श्री साहू के सामाज मे पूर्व में मिले जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन, उत्कृष्ट योगदान, कर्मठता एवं समाज के प्रति निष्ठा व समर्पण को देखते कि गयी। गौरतलब हो कि चूड़ामणि साहू इसके पहले प्रदेश साहू संघ व्यापारी प्रकोष्ठ के महामंत्री के साथ तहसील साहू संघ धरसीवा के अध्यक्ष की बागडोर भी संभाल चुके है तहसील साहू संघ धरसीवा के अध्यक्ष रहते हुए समाज के हित में अनेकों उल्लेखनीय कार्य किए हैं। अपनी नियुक्ति पर चूड़ामणि साहू ने प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष सहित समाज के वरिष्ठ जनों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया है।

### कंपोजिट अस्पताल भिलाई में रक्तदान शिविर आयोजित

आरंग। मंगलवार को सीआरपीएफ कंपोजिट अस्पताल भिलाई में डीआईजी मेडिकल डॉ. दुर्गा भवानी राजनाला के निर्देशन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सीआरपीएफ कैंप के जवानों व उनके परिवारजनों ने रक्तदान में बढ़-चढ़कर भाग लिया और लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

**सम्मेलन :** चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के सम्मेलन में पारागांव के लिए 70 लाख की घोषणा

# शिक्षा से समाज प्रगतिशील और मजबूत बनता है : सीएम साय

हरिभूमि न्युज ⏭ आरंग



रविवार को पारागांव में आयोजित चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जब कोई समाज अपने बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी उठाता है तो नई पीढ़ी अधिक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपए तथा पारागांव में सीसी सड़क निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की घोषणा की। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना के दो वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और इसकी 25वीं किस्त प्रदेश की लगभग 70 लाख महिलाओं के खातों में जारी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री ने कहा आगे कहा कि चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है और इस समाज ने प्रदेश तथा देश को अनेक प्रतिभाएं दी हैं। समाज द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने बताया कि समाज की पहल से वर्तमान में दो हजार से अधिक विद्यार्थियों को शैक्षणिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है और गरीब तथा जरूरतमंद परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। होली पर्व के पूर्व किसानों के हित में सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत 25 लाख 28 हजार किसानों के खातों में 10 हजार 324 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई है। इससे किसानों की गरिमा बनी हुई है और छत्तीसगढ़ की पहचान देश के "धान का कटोरा" के रूप में और मजबूत हुई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राम लला दर्शन योजना के माध्यम से पिछले दो वर्षों में 42 हजार से अधिक श्रद्धालु अयोध्या जाकर भगवान श्रीराम के दर्शन कर चुके हैं।

### समाज की प्रतिभाओं का हुआ गौरव गान

वही मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना को भी पुनः प्रारंभ किया गया है, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा का अवसर मिल रहा है। उन्होंने वर्ष 2026 के राज्य बजट का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए प्रावधान किए गए हैं। साथ ही युवाओं से राज्य की नई औद्योगिक नीति का लाभ उठाने और उद्यमिता की दिशा में आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान समाज की विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया। इनमें दीपक चंद्राकर (सिविल जज के रूप में चयनित), लक्ष्मी चंद्राकर (लोक सेवा आयोग से वाणिज्यिक कर अधिकारी), डॉ. प्रीति करण चंद्राकर (कंप्यूटर विज्ञान विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर), डॉ. करण चंद्राकर (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली से वस्त्र एवं फाइबर अभियांत्रिकी में पीएचडी), लक्ष्मी चंद्राकर (इंडो-नेपाल टेस्ट श्रृंखला में बॉल बैडमिंटन की स्वर्ण पदक विजेता) तथा डॉ. दिव्या चंद्राकर और डॉ. राहुल चंद्राकर (एमबीबीएस, जिला अस्पताल महासमुंद) शामिल रहे।

## बोनस की राशि निकालने बैंक में उमड़े किसान, यातायात व्यवस्था प्रभावित




हरिभूमि न्युज ⏭ आरंग

जिला सहकारी बैंक शाखा आरंग में इन दिनों ग्रामीणों की अभूतपूर्व भीड़ देखने को मिल रही है। किसानों और खाताधारकों द्वारा बोनस की राशि निकालने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण बैंक पहुंच रहे हैं, जिसके कारण बैंक परिसर और आसपास का पूरा क्षेत्र लोगों और वाहनों से भरा हुआ दिखाई दे रहा है।

बैंक के बाहर सुबह से ही लंबी कतारें लग जाती हैं। दूर-दराज के गांवों से किसान अपने वाहनों के साथ बैंक पहुंच रहे हैं, जिससे मुख्य मार्ग पर भी यातायात प्रभावित हो रहा है। बैंक के आसपास वाहनों की पार्किंग की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क किनारे ही वाहन खड़े किए जा रहे हैं, जिससे राहगीरों और अन्य वाहनों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिला सहकारी बैंक की आरंग शाखा किराए के भवन में संचालित हो रही है और सीमित जगह के कारण इतनी बड़ी संख्या में आने वाले ग्रामीणों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में बढ़ती खाताधारकों की संख्या को देखते हुए ग्राम समोदा और भानसोज में बैंक की नई शाखाएं खोलने की मांग पिछले 10 वर्षों से की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र आरक्षित विधानसभा होने के कारण शासन द्वारा लगातार उपेक्षा की जा रही है। वहीं, इतनी बड़ी भीड़ और लोगों की समस्याओं के बावजूद जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी लोगों को आश्चर्यचकित कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही नई शाखाएं नहीं खोली गईं तो आने वाले समय में समस्या और गंभीर हो सकती है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्युज ⏭ आरंग



थाना आरंग क्षेत्र अंतर्गत नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। थाना आरंग में अपराध क्रमांक 146/2026 के तहत धारा 137(2), 65(1) बीएनएस एवं 4 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। मामले में आरोपी प्रशांत लहरी पिता हीराधर लहरी उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम भानसोज थाना आरंग जिला रायपुर के विरुद्ध प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि आरोपी द्वारा प्रार्थिया की नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ अपने घर ले जाया गया तथा उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया गया। शिकायत के आधार पर थाना आरंग पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी की तलाश कर उसे 09 मार्च 2026 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### महिला दिवस पर खेल औरयोग की प्रतिभाओं का सम्मान

अभनपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नवा रायपुर में माइक्रोनेट जन सेवा समिति छत्तीसगढ़ द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अस्मिता खेलो इंडिया चैंपियनशिप (दमन) में विजेता रही बेटियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समिति की मुख्य सचिव श्रीमती रेश्मा साहू के मार्गदर्शन में राज्य समन्वयक वीरेन्द्र प्रधान, सूर्यकांत वर्मा, प्रवीण त्रिपाठी, मीरा रंजन, शिखा कीर, आरके चक्रवर्ती, विमल कुमार द्विवेदी एवं ज्योति द्विवेदी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि खेलों से बेटियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए श्रीमती मीरा रंजन को छत्तीसगढ़ लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। अंत में सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई तथा समिति द्वारा बच्चों को कंप्यूटर व स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में निशुल्क शिक्षा प्रदान करने की जानकारी भी दी गई।

### नारी की महानता हर युग में सिद्ध : बजाज

**अभनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम बेलर और भटगांव में आयोजित रामकथा कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत की नारी ने हर युग में अपनी महानता सिद्ध की है और रामचरित मानस में माता सीता के त्याग और तपस्या की गाथा आज भी महिलाओं के लिए प्रेरणादायी है। श्री बजाज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के कारण देश की महिलाएं अधिक सशक्त होकर उभर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में महिला सशक्तिकरण केवल सपना नहीं बल्कि हकीकत बन चुका है और इसी के कारण देश तेजी से विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने रामायण को प्रेरणादायी ग्रंथ बताते हुए कहा कि इससे हमें कर्तव्य पथ पर चलने की सीख मिलती है।

## एफसीआई गोदाम में दीवार फांदकर धान की चोरी, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभुमि न्युज ⏭ धरसीवां

समिति अध्यक्ष कौशल साहू द्वारा दिनांक 8 मार्च को थाना धरसींवा में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि कृषक सेवा सहकारी समिति द्वारा वर्ष 2025-2026 में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की गई है। समिति द्वारा किसानों से प्रति क्विंटल 3100 रुपये की दर से धान खरीदी कर उसे एफसीआई गोदाम धरसींवा में सुरक्षित रखा गया था। गोदाम के अंदर लगभग 3500 कट्टा धान की बोरियां, जिनमें प्रत्येक बोरी में 40-40 किलोग्राम धान भरा हुआ था, छल्ली कर सुरक्षार्थ रखी गई थीं तथा बाहर से शटर बंद कर ताला लगाया गया था। दिनांक 08.03.2026 को शाम लगभग 07.00 बजे गोदाम का निरीक्षण करने पर पाया गया कि धान की बोरियों की छल्ली में से लगभग 60 नग बोरियां गायब हैं। जांच करने पर यह स्पष्ट हुआ कि दिनांक 6 मार्च की रात्रि से लेकर 08 मार्च की शाम 07.00 बजे के मध्य किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा गोदाम की दीवार को बाहर से तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया और धान की बोरियों की चोरी कर ली गई। चोरी की गई धान की बोरियों का कुल वजन लगभग 24 क्विंटल तथा अनुमानित कीमत लगभग 74,400 रुपये है। प्रकरण में थाना धरसींवा में अपराध क्रमांक 136/2026 धारा 331(4), 305, 3(5) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि ग्राम परसतराई के दुकानदार यजेन्द्र वर्मा द्वारा साबीर खान निवासी धरसींवा एवं उसके दो अन्य साथियों को धान बिक्री के उद्देश्य से अपनी किराना दुकान में छोड़कर जाने की जानकारी दी गई। इसके आधार पर साबीर खान का पता तलाश कर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने साथी इरफान खान, अमान खान एवं पताडू के साथ मिलकर एफसीआई गोदाम धरसींवा में रखी धान की बोरियों को चोरी करने की योजना बनाना तथा योजना के अनुसार दिनांक 06 मार्च की रात्रि लगभग 11.00 बजे आरोपियों ने एफसीआई गोदाम धरसींवा की दीवार में छेद कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखी धान की छल्ली में से लगभग 50-60 धान की बोरियां चोरी कर लीं।

## विधिक साक्षरता शिविर में अधिकार मित्रों ने दी जानकारी



हरिभूमि न्युज ⏭ आरंग

जिला एवं सत्र प्रधान न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश अविनाश दुबे के निर्देशानुसार अधिकार मित्रों द्वारा शासकीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास आरंग, शासकीय नवीन अनुसूचित जाति कन्या आश्रम शाला एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर टाउन हॉल आरंग में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान महिलाओं के सम्मान, अधिकार, लैंगिक समानता, महिला घरेलू हिंसा, मोटर दुर्घटना दावा, आपदा पीड़ितों को विधिक सहायता, श्रमिक विधिक योजना 2015 के तहत प्रशिक्षण, रोजगार, विधिक सहायता एवं साइबर क्राइम से बचाव के तरीके जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा न्याय संबंधी जानकारी व सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में अधिकार मित्र पुनीत साहू, योगिता साहू, छाया चंद्राकर एवं सूरज बंजारे की सहभागिता रही।

# भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि एक परिवार है : अनुज

हरिभुमि न्युज ⏭ धरसींवा

- धरसींवा में भाजपाइयों ने खेली सम्मान की होली, वरिष्ठों का हुआ अभिनंदन



भारतीय जनता पार्टी मंडल धरसींवा के तत्वावधान में आयोजित होली मिलन समारोह इस वर्ष न केवल उत्साह और उमंग का केंद्र रहा, बल्कि इसने सामाजिक मूल्यों और सांगठनिक एकजुटता की एक नई इबारत लिख दी। मंडल अध्यक्ष राकेश यादव के कुशल संयोजन में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में राजनीति, समाजसेवा और पत्रकारिता के संगम ने इसे ऐतिहासिक बना दिया। इस अवसर पर विशेष रूप से क्षेत्र के बुजुर्गों का अभिनंदन किया गया और समाज को दिशा दिखाने वाले पत्रकारों का सम्मान कर उनकी कर्मठता को सराहा गया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में क्षेत्रीय विधायक अनूज शर्मा, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, ब्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह सयोजक नितिन अग्रवाल, नीति आयोग के उपाध्यक्ष श्री गणेश शंकर मिश्रा सहित जिले व मंडल के तमाम दिग्गज नेता मंच पर आसीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात समूचा परिसर फाग के गीतों और गुलाल के रंगों से सराबोर हो उठा।

पूरे आयोजन के दौरान धरसींवा भाजपा में एकता की एक अभूतपूर्व भावना दिखाई दी। धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा, पूर्व विधायक श्री देवजी भाई पटेल, छग राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष श्री गणेश शंकर मिश्रा, ब्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश सह सयोजक श्री निनित गौरी शंकर अग्रवाल,वरिष्ठ भाजपा नेता श्री अंजय शुक्ला, भाजपा नेता अभिनेष कश्यप, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सविता चंद्राकर, श्रीमती सरोज चंद्रवंशी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष डाक्टर के के वर्मा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला सेन, उपाध्यक्ष दिनेश खूंटे, मण्डल अध्यक्ष राकेश यादव,मो युनुष सहित आसपास के सरपंच व भाजपा कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

### बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी संस्कृति की नींव है : नितिन अग्रवाल

समारोह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता नितिन अग्रवाल ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने कहा कि होली का पर्व आपसी गिले-शिकवे भुलाकर एक होने का संदेश देता है और आज धरसींवा मंडल में जो आत्मीयता दिखाई दे रही है, वही संगठन की असली शक्ति है। उन्होंने मंडल अध्यक्ष राकेश यादव के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी संस्कृति की नींव है और ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है।

### वरिष्ठों का मार्गदर्शन सबसे बड़ी पूंजी : शर्मा

वहीं, क्षेत्रीय विधायक अनूज शर्मा ने अपने चिर-परिचित अंदाज में उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजनीति में जनता का आशीर्वाद और वरिष्ठों का मार्गदर्शन सबसे बड़ी पूंजी है। विधायक शर्मा ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि एक परिवार है, जिसका प्रमाण आज इस भव्य होली मिलन में देखने को मिल रहा है। उन्होंने पत्रकारों के योगदान पर चर्चा करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष पत्रकारिता अनिवार्य है और उनका सम्मान करना गौरव की बात है।

**खण्डन सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम धरमपुरा, बजरंगचौक, वार्ड नं. 11 प.ह.नं. -00078 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 31/4 रकबा 0.0080 हे. याने 1500 वर्गफीट जिसके पूरे भूतल व प्रथम तल पर पक्का मकान निर्मित है जिसे वसियतकर्ता के रूप में श्री शंकरलाल साहू, उम्र-60 वर्ष, पिता- स्व. श्री मेहतरू राम साहू निवासी एच.नं.-184 कृषकनगर धरमपुरा जोरा, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. द्वारा उक्त सम्पत्ति को वसीयतकर्ता के रूप में अपने दूसरी पत्नी कांतिबाई, उम्र-50 वर्ष, को सम्पूर्ण रूप से स्वामित्व हक देते हुए दिनांक- 25/02/2026 को एक वसीयतनामा निष्पादित किया गया है, जिसमें उक्त समपत्ति को स्वअर्जित समपत्ति कथन किया गया है,मेरे पक्षकार अरविंद साहू पिता श्री शंकर लाल साहू निवासी-धरमपुरा माना रायपुर के कथनानुसार उक्त समत्ति उनके दादा स्व.श्री महेत्तरू राम साहू द्वारा अर्जित समपत्ति है विधि के अनुसार विरासत की समपत्ति पर अंतिम उत्तराधिकारी का पूर्ण हक व अधिकार होता है, अतः मेरे पक्षकार की ओर से अधिकृत व निर्देशानुसार वसीयतकर्ता द्वारा निष्पादित वसीयतनामा को विधि विरूद्ध व शून्य घोषितकर खण्डन किया जाता है। भविष्य में उक्त भूमि, दान/विक्रय किया जाता है तो लाभान्वित पक्षकार स्वयं जिम्मेदार होंगे तथा न्यायालयीन विवाद से सुरक्षित रहने की सलाह देते व भविष्य में न्यायालयीन दस्तावेज के रूप में सुरक्षित रखने यह सूचना प्रकाशित है। सो सूचना जाने।

रायपुर दिनांक-10/03/2026

**महेश कुमार देव (अधिवक्ता)**
**Reg. No.-2348/97 Civil Court**
**Raipur (C.G.) First Floor Room**
**No.-110 Table No.-35**
**Mo.No.- 98263-61411**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता श्रीमती दुर्गा ढीढी पति- श्री विष्णुराम ढीढी निवासी- मकान नं- 209, बटापारा, डूमरतराई, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. अपने हक स्वामित्व व आधिपत्य भूमि जो वाके मौजा- सिगांरभाठा, प.ह.न. - 00012, रा.नि.म. - केन्द्री तहसील - अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 1444/1 रकबा 0.1300 हे., भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना अग्रिम राशि विक्रेता को अदा कर दिये है। बैनामा पंजीयन शेष है।

इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस पश्चात मेरे पक्षकार अपने नाम या अपने द्वारा नामित व्यक्ति के नाम बैनामा पंजीयन करायेगें।

उक्त संव्यहार पर किसी शासकीय, अर्द्धशासकीय, वित्तिय संस्थान, व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह को कोई दावा उजर आपत्ति हो तो मय दस्तावेज, अपने लिखित दावा उजर आपत्ति समयावधि के भीतर अधोलिखित कार्यालयीन पते पर प्रेषित करे बाद मियाद अवधि ली गई दावा उजर आपत्ति मेरे पक्षकारों पर बंधनकारी ना होकर अवैध व शून्य होवेगी ।

"सो सूचना जाने"

रायपुर छ.ग.
दिनांक 10/03/2026

**भवदीय**
**श्री कुणाल फरिकार (अधिवक्ता)**
**श्रीराम मंदिर के पास कंकाली पारा रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.**
**मो.नं.- 98266-74118**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**

ग्राम रवेली प.ह.नं. 01
रा.प्र.क्र. 202603116300004/अ-6 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपेश कुमार सोनकर पिता स्व. चन्द्रकांत सोनकर निवासी ग्राम रवेली उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम रवेली प.ह.नं. 01 रा.नि.म. खोरपा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 306, 307, 613, 616/1, 617, 618, 619, 620/2, 629, 636/2, 638/2, 686, 696, 1173 रकबा क्रमशः 0.2700, 0.6800, 0.3800, 0.1400, 0.3500, 0.1000, 0.1200, 0.1000, 0.1400, 0.1100, 0.0300, 0.1500, 0.3800, 0.1500, 0.0500 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में चम्मन लाल पिता तीजे राम सोनकर वगैरह के नाम पर दर्ज है। सहखातेदार चन्द्रकांत सोनकर की मृत्यु दिनांक 22/12/2025 को हो चुकी है जिनके विधिक वारिसान पत्नी चमेली सोनकर एवं पुत्र-पुत्री क्रमशः दीपेश सोनकर, आरती सोनकर है। उक्त के अलावा अन्य कोई वारिसान नही है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि के मृतक सहखातेदार का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर उनके विधिक वारिसान का नाम दर्ज किये जाने एवं शेष खातेदार का नाम यथावत रखे जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय मे पेश किया गया है। प्रकरण में समाचार पत्र में ईश्तहार प्रकाशन नही किया गया है। पूर्व rd20252644162780003 सीरीज में पेशी दिनांक परिवर्तित नहीं होने के कारण प्रकरण को निरस्त कर पुनरू दर्ज किया गया। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत नामांतरण आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 25/03/2026 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 10/03/2026 को जारी किया गया।

मुहर **अति. तहसीलदार उपतहसील खोरपा**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**

ग्राम रवेली प.ह.नं. 01
रा.प्र.क्र. 202603116300005/अ-6 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपेश कुमार सोनकर पिता स्व. चन्द्रकांत सोनकर निवासी ग्राम रवेली उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम रवेली प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. खोरपा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित भूमि ख.नं. 620/1, 621, 622, 647, 648, 1166/2, 1167/1, 1330 रकबा क्रमशः 0.5700, 0.1800, 0.1500, 0.2200, 0.2700, 0.0200, 0.0300, 0.0900 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में चन्द्रकान्त सोनकर पिता तीजे राम सोनकर के नाम पर दर्ज है। खातेदार चन्द्रकांत सोनकर की मृत्यु दिनांक 22/12/2025 को हो चुकी है जिनके विधिक वारिसान पत्नी चमेली सोनकर एवं पुत्र-पुत्री क्रमशः दीपेश सोनकर, आरती सोनकर है। उक्त के अलावा अन्य कोई वारिसान नहीं है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि के मृतक सहखातेदार का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर उनके विधिक वारिसान का नाम दर्ज किये जाने का नाम यथावत रखे जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है। प्रकरण में समाचार पत्र में ईश्तहार प्रकाशन नहीं किया गया है। पूर्व rd202526441627800002 सीरीज में पेशी दिनांक परिवर्तित नही होने के कारण प्रकरण को निरस्त कर पुनरू दर्ज किया गया। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत नामांतरण आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 25/03/2026 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 10/03/2026 को जारी किया गया।

मुहर **अति. तहसीलदार उपतहसील खोरपा**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-11 (टिकरापारा) तहसील व जिला रायपुर**
**बटांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 06.03.2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण आकांसा पुजारी, अनुभव पुजारी, मोहित पुजारी पिता स्व. श्री मुकेश पुजारी द्वारा आवेदित ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-11 (टिकरापारा) स्थित भूमि खसरा नंबर 417/2 रकबा 0.4778 हेक्टेयर का बटांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्रमांक ........./ वाचक / नायब तह. / वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 19.12.2025 के परिपालन में दिनांक 12.03.2026 को समय 12.00 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के बटांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 70 के टिकरापारा (लालपुर) स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-11, टिकरापारा**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता / भूमिस्वामी श्रीराम साहू पिता बोधन साहू, निवासी- शीतला पारा, नवापारा, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) से उनके आधिपत्य एवं स्वामित्व की आबादी नजूल भूमि पर निर्मित दो मंजिला मकान जो कि, मौजा गांधी चौक के पास, लक्ष्मी किराना स्टोर के सामने देवपुरी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट जिसका प्रॉपटी आई. डी. नं- RPR651L00122 है भूषण लाल टोडर, पिता श्री अमन लाल टोडर, निवासी- मकान नं 259 टोडर पारा देवपुरी रायपुर छ.ग. को क्रय करने का सौदा कर लिया है मात्र बैनामा पंजीयन करने की कार्यवाही करना शेष है।

अतः उक्त संव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, साहूकार, शासकीय अथवा गैर शासकीय निकाय, निगम, पारिवारिक सदस्य एवं अन्य को कोई दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिनों के भीतर मय दस्तावेज के लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेंवे, केवल आम सूचना का खण्डन मान्य नहीं होगा। म्याद बाद की गयी दावा या आपत्ति इस आम सूचना के समक्ष अवैध व शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी, एवं मेरा पक्षकार अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन कराने के लिये स्वतंत्र होगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 09.03.2026

**भवदीय**
**श्रीमती रेखा बघेल अधिवक्ता**
**पता - जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर (छ.ग.) मो.नं.- 7869320934**







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## सहकारी बैंक की जमीन पर अतिक्रमण

### कांग्रेस का आरोप- निजी व्यक्ति को फायदा पहुंचाने सरकार नहीं हटा रही कब्जा

छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने डोंगरगढ़ में सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा भवन निर्माण के लिए आवंटित जमीन पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा, सरकार इतनी कमजोर हो गई है कि अपनी ही




आबंटित जमीन से अतिक्रमण नहीं हटा पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बैंक भवन निर्माण की राशि स्वीकृत होने के बावजूद शाखा को किराए के भवन में चलाया जा रहा है, ताकि किसी निजी व्यक्ति को लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने सदन में सवाल उठाते हुए कहा, जिस जमीन पर सहकारी बैंक शाखा भवन बनना है, वहां भूमिपूजन भी हो चुका है, लेकिन अब तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया। उन्होंने पूछा कि आखिर उस जमीन पर किसका कब्जा है और सरकार उसे हटाने में क्यों असफल हो रही है। उनका कहना था कि भवन निर्माण की राशि मंजूर होने के बावजूद बैंक शाखा किराए के भवन में चल रही है, जिससे किसानों को भी असुविधा हो रही है।

### कलेक्टर से हो चुकी है चर्चा

सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने जवाब देते हुए कहा, फिलहाल बैंक का भवन नहीं होने के कारण शाखा किराए के भवन में संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने को लेकर कलेक्टर से चर्चा हो चुकी है और जल्द ही इस दिशा में कार्रवाई की जाएगी।

### नेशनल हेराल्ड, संडे नवजीवन और नवसृजन मैगजीन को दिए गए सरकारी विज्ञापनों का मुद्दा उठा

छत्तीसगढ़ विधानसभा में भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने नेशनल हेराल्ड, संडे नवजीवन और नवसृजन मैगजीन को पिछले सालों में विज्ञापन राशि के बारे में सवाल किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने



बताया कि नेशनल हेराल्ड को पिछले पांच सालों में कुल 4.24 करोड़ रुपए का विज्ञापन मिला, नवसृजन को कोई भुगतान नहीं किया गया और संडे नवजीवन को 3.06 करोड़ रुपए का विज्ञापन मिला। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि नेशनल हेराल्ड को पिछले पांच वर्षों में कुल 4 करोड़ 24 लाख रुपये के विज्ञापन दिए गए। वर्षवार जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 2019-20 में 34 लाख, 2020-21 में 58 लाख, 2021-22 में 68 लाख, 2022-23 में 1.28 करोड़ और 2023-24 में 1.36 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि इसी अवधि में नवसृजन मैगजीन को कोई विज्ञापन राशि नहीं दी गई, जबकि संडे नवजीवन को करीब 3 करोड़ 6 लाख रुपये के विज्ञापन जारी किए गए। नेशनल हेराल्ड के प्रबंधकर्ता पवन बंसल हैं।

**अजय चंद्राकर ने भी उठाया सवाल : भाजपा** विधायक अजय चंद्राकर ने पूरक प्रश्न के दौरान यह भी पूछा कि क्या किसी राजनीतिक विचारधारा से जुड़े प्रकाशनों को सरकारी विज्ञापन दिया जा सकता है और क्या इस मामले में जांच की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस पर स्पष्ट किया कि विज्ञापन प्रति पृष्ठ 8 लाख रुपये की दर से दिए गए हैं और यह पूरी प्रक्रिया विज्ञापन नियमावली 2019 के प्रावधानों के तहत की गई है।



# 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद समाप्त और 2027 तक केंद्रीय सुरक्षा बलों की वापसी

अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान विपक्षी विधायकों के सवालों का सदन में जवाब देते हुए गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद 31 मार्च 2026 तक समाप्त हो जाएगा। इसके बाद 31 मार्च 2027 तक केंद्रीय सुरक्षा बलों की वापसी भी हो जाएगी। केंद्रीय गृहमंत्रालय द्वारा की गई 21 हजार 530 करोड़ की डिमांड के मामले में उन्होंने कहा कि हम फाइनल सेंटलमेंट की ओर है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य बस्तर में भयमुक्त वातावरण बनाना है, इसलिए हम विकास और सुरक्षा के साथ-साथ चलते हैंगृहमंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेस विधायकों




के सवाल के जवाब में कहा कि किसी काम को पूरा करने के लिए संकल्प की जरूरत होती है। 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद की समाप्ति केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संकल्प का उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि नक्सलवाद समाप्ति का उद्देश्य बस्तर को भयमुक्त बनाने के साथ वहां लोकतंत्र की जड़ों को गहरा करना है। गृहमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा भेजी गई डिमांड राशि अब तक की है। हमारे योग्य मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री के प्रयास से सब प्रक्रिया के तहत हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आपकी चिंता जायज हैं, अभी हम फाइनल सेंटलमेंट की ओर हैं। उन्होंने कहा कि हम पुलिस को अत्याधुनिक हथियार और उपकरणों से लैस कर रहे हैं।

### कैसे होगी डिमांड राशि की व्यवस्था : महंत

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने सवाल किया था कि 25 जून को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 21 हजार 530 करोड़ की डिमांड की गई थी। राज्य सरकार की ओर से राशि माफ करने के लिए पत्र भी लिखा गया, पत्र पर केंद्रीय गृह मंत्री के यहां से जवाब आया है कि चार किश्तों में जमा करें, नहीं तो आपको देय राशि से काट लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार थी तो उन्होंने अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती के लिए राशि नहीं मांगी थी। जब राज्य में कांग्रेस की सरकार आई तो 10 फीसदी राशि ली जाती थी। उन्होंने यह भी पूछा कि 21 हजार 530 करोड़ किन किन मद में खर्च किए गए होंगे।

### गिद्ध निगाह वालों के लिए ना हो बस्तर : भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चर्चा के दौरान कहा कि नक्सलवाद समाप्त हो इसका सब स्वागत करते हैं। नक्सलवाद की वजह से कई काल कलवित हो गए, इससे किसी का भला नहींस होता। उन्होंने कि नक्सलवाद खात्मे के साथ ही बस्तर में उन लोगों को घुसने से रोका जाए जो वहां की संपदा पर गिद्ध दृष्टि लगाए बैठे हैं। बस्तर सिर्फ आदिवासियों के लिए हो। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। लोग ना बाहर सुरक्षित है और ना ही भीतर। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री के जिले में उनके ही साथी की हत्या कर दी जाती है।

**भानुप्रतापपुर क्षेत्र में गोदावरी पावर एंड इस्पात की माइंस को पौने दो सौ एकड़ जमीन देने का मामला**

# वेस्ट मटेरियल डंपिंग के लिए नियम अनुसार दी गई जमीन : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा में कांग्रेस विधायक कुंवर सिंह निषाद ने प्रश्नकाल में कांकेर के भानुप्रतापपुर क्षेत्र में गोदावरी पावर एंड इस्पात की माइंस से लगे लगभग पौने दो सौ एकड़ क्षेत्र को वेस्ट मटेरियल डम्प करने के लिए जाने पा सवाल उठाया। उन्होंने कहा, यह रिजर्व एरिया है, किस विभाग और अधिकारी ने तय किया कि यह जमीन गैर-खनिज युक्त है? मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, यहां पर निसमानुसार जमीन का आवंटन किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जवाब में कहा, जब आपकी सरकार थी, तब गोदावरी इस्पात को 2.65




हेक्टेयर जमीन ओवरबर्डन निस्तारण के लिए दी गई थी। 4 अगस्त 2023 को 61.41 हेक्टेयर जमीन भी आवंटित की गई थी। हमारी सरकार ने नियमों का पालन करते हुए भारत सरकार के प्रावधानों के तहत जीएसआई जांच के बाद 74.05 हेक्टेयर जमीन डम्पिंग के लिए दी है।

### गैर खनिज जमीन की नीलामी जरूरी नहीं

कुंवर सिंह निषाद ने कहा, 2015 के बाद राजस्व बढ़ाने के लिए ऑनलाइन टेंडर की पारदर्शी प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन इस बार 11 साल में पहली बार बिना निविदा के फर्म को जमीन दे दी गई। जीएसआई जांच की कॉपी उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि भारत सरकार के खान मंत्रालय के 28 नवंबर 2024 के पत्र के अनुसार खनिज पट्टा क्षेत्र से लगी गैर-खनिज भूमि के लिए नीलामी जरूरी नहीं होती। कुंवर सिंह निषाद ने फिर कहा कि यह पौने 200 एकड़ जमीन का मामला है। खदान से लगी जमीन ही क्यों दी गई, दूसरी जगह भी दी जा सकती थी।

### गृह विभाग की अनुदान मांगों पर कटौती प्रस्ताव पर हुआ मतदान

गृह विभाग का बजट मतदान प्रक्रिया पूर्ण कर बहुमत के साथ पारित हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लचर व्यवस्था का हवाला देते हुए इसके बजट में कटौती की मांग की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित कैबिनेट मंत्री और



अधिकतर विधायक सदन के बाहर थे। सभापति की अनुमति के बाद मतदान प्रक्रिया पूरी करने के बाद अलार्म बजा, तो तमाम भाजपा विधायक अपना काम छोड़कर दौड़ते-भागते वहां पहुंचकर मतदान प्रक्रिया में शामिल हुए। वोटिंग के बाद इस प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया।

गृहविभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया था। उन्होंने लचर व्यवस्था होने के साथ विभागीय हित नहीं होने का हवाला देते हुए बजट में कटौती की मांग की। इस दौरान उनके कटौती प्रस्ताव पर सहमति-असहमति के लिए हामी प्रक्रिया से बात नहीं बनी तो भूपेश बघेल ने मतदान कराने का प्रस्ताव रखा। सभापति प्रबोध मिंज ने इस तरह का नियम नहीं होने का हवाला दिया, तो बघेल ने यह प्रक्रिया पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के कार्यकाल के दौरान पूर्ण किए जाने का हवाला दिया। इसके बाद कटौती प्रस्ताव पर मतदान की सहमति बनी। इस प्रस्ताव के दौरान अधिकतर भाजपा विधायकों की ज्यादातर कुर्सियां खाली थीं। इसी दौरान मतदान प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए अलार्म बजा, तो सदन के बाहर कैबिनेट की बैठक तथा अन्य कार्यों में व्यस्त भाजपा विधायक दौड़ते-भागते पहुंचे, इस दौरान कुछ देर माहौल मजाकिया हो गया था।

### मंत्री अग्रवाल के विभागों के लिए 492 करोड़ रुपए से अधिक की अनुदान मांगें पारित

छत्तीसगढ़ विधानसभा में पर्यटन, संस्कृति, पुरातत्व तथा धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के वर्ष 2026-27 के लिए अनुदान मांगों को सदन में पारित किया गया। विभागीय मंत्री राजेश अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत बजट पर चर्चा के बाद इन विभागों के लिए कुल 492 करोड़ 20 लाख रुपये की अनुदान मांगें पारित की गईं, इसमें पर्यटन विभाग के लिए 344 करोड़ रूपए, संस्कृति विभाग के लिए 98.20 करोड़ रुपए तथा धार्मिक न्यास तथा धर्मस्व विभाग के लिए 50 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। सदन में बजट



भाषण के दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा, छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा, प्राकृतिक पर्यटन स्थलों और धार्मिक आस्था से जुड़ी विरासत से है। राज्य सरकार इन तीनों क्षेत्रों को समन्वित रूप से विकसित कर छत्तीसगढ़ को पर्यटन और सांस्कृतिक दृष्टि से देश के प्रमुख राज्यों में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इन विभागों के बजट में पर्यटन अधोसंरचना के विकास, सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और धार्मिक स्थलों के संवर्धन को प्राथमिकता दी गई है।

**पर्यटन सर्किटों और पर्यटक सुविधाओं का व्यापक विकास :** मंत्री श्री अग्रवाल ने बताया कि पर्यटन विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 344 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन के माध्यम से राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों, पर्यटन सर्किटों और पर्यटक सुविधाओं का व्यापक विकास किया जाएगा। इसके लिए इस वर्ष 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे पर्यटन स्थलों की अधोसंरचना, ब्रांडिंग, स्वच्छता, पेयजल और पर्यटक सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत अब तक 52 विशेष ट्रेनों के माध्यम से लगभग 44 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को निःशुल्क दर्शन कराया जा चुका है और इसके लिए इस वर्ष 36 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ आस्था पथ (शक्तिपीठ भ्रमण) योजना के माध्यम से राज्य के प्रमुख शक्तिपीठों को जोड़कर धार्मिक पर्यटन को नई दिशा दी जाएगी। इस योजना हेतु 5 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। मंत्री श्री अग्रवाल ने जानकारी दी कि पर्यटन क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्यों हेतु 100 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

## रायपुर स्मार्ट सिटी के कार्यों की होगी जांच, मंत्री ने की घोषणा

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंगलवार को ध्यानाकर्षण के दौरान मंत्री अरुण साव ने रायपुर स्मार्ट सिटी के काम की जांच कराए जाने की घोषणा की। सदन में सत्ता पक्ष के ही विधायकों ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से स्मार्ट सिटी के कार्य में भ्रष्टाचार को लेकर घेरा, जिसके बाद मंत्री ने जांच की घोषणा की। सत्ता पक्ष के विधायक सुनील सोनी ने कहा, रायपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में 30 करोड़ का काम हुआ है। बूढ़ा तालाब में अकेले म्यूजिकल फाउंटेन में 5.24 करोड़ का खर्च हुआ है। शिकायत पर ही केंद्र सरकार ने जांच कराई थी। जांच में 18 लाख खर्च हुए थे, जांच रिपोर्ट पटल पर रखी जाए। इसके अलावा बूढ़ा तालाब में अन्य कार्य भी




कराए गए हैं, जिनको लेकर कई शिकायतों के बाद भी कार्रवाई न किए जाने पर भाजपा सदस्यों ने नाराजगी जताई। सुनील सोनी के अलावा भाजपा विधायक अजय चंद्राकर और धर्मलाल कौशिक ने भी स्मार्ट सिटी के कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। इस पर मंत्री अरुण साव ने कहा कि किसी भी शिकायत और गड़बड़ी का परीक्षण कराएंगे. दोषी पर कारवाई भी होगी।

### हंसराज रघुवंशी का भुगतान किसने किया होगी जांच

सदन की कार्यवाही के दौरान कांग्रेस विधायक द्वारिकाधीश यादव ने में ध्यानाकर्षण में सिरपुर महोत्सव में आय-व्यय एवं संचालन व्यवस्था में अनियमितता का मुद्दा उठाया। जवाब देते हुए संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा, महोत्सव के आयोजन के लिए 15 लाख रुपए का आबंटन किया गया। चिन्हारी पोर्टल में सभी जानकारी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा 10 लाख रुपए प्रचार के लिए खर्च किया गया। यह कहना उचित नहीं है कि अनियमितता हुई है। बाहर से आए गेस्ट को कोई भुगतान नहीं किया है।

## खबर संक्षेप




### अफीम मामले में कल भाजपा कार्यालय का घेराव करेगी कांग्रेस

**रायपुर।** दुर्ग जिले के समोदा क्षेत्र में भाजपा नेता विनायक ताम्रकार की अवैध अफीम खेती का मामले में पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई को कांग्रेस पार्टी इसे पूरी तरह फर्जी, दिखावटी एवं भाजपा के नशा संरक्षण का प्रमाण मानती है। कांग्रेस मामले को लेकर 12 मार्च को प्रदेश स्तर पर भाजपा दफ्तर एकात्म परिसर का घेराव का निर्णय लिया है। बैठक में पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, शैलेश नितिन त्रिवेदी, पंकज शर्मा, प्रवीण साहू, उधो राम वर्मा सहित सभी ब्लॉक अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों की विशेष उपस्थिति रही।

बैठक में घेराव की तैयारी, रणनीति एवं कार्यकर्ताओं की भारी भागीदारी पर विस्तृत योजना बनी। सभी ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों को आग्रह किया गया कि वे तुरंत कार्यकर्ताओं को संगठित करें और बीजेपी दफ्तर घेराव में सहभागिता सुनिश्चित करें।

**जबरिया धर्म परिवर्तन कराने पर होगी सजा**

# धर्मांतरण के लिए दो माह पहले देनी होगी सूचना, ड्राफ्ट तैयार बजट सत्र में पेश होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा के बजट सत्र में धर्मांतरण संशोधन विधेयक पेश किया जाएगा। कैबिनेट ने विधेयक के प्रारूप को मंजूरी दे दी है। नया विधेयक आने बाद नियमों में कई बदलाव होंगे। छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को लेकर विवाद न बढ़े, इसलिए नया ड्रॉफ्ट तैयार किया गया है। ड्राफ्ट को तैयार करने 52 बैठकों में चर्चा कर मसौदा तैयार करवाया है। अब धर्मांतरण के लिए दो माह पहले जिला प्रशासन को सूचना देना अनिवार्य होगा।




बताया गया है कि ड्रॉफ्ट के अनुसार, अब किसी एक धर्म से दूसरे धर्म में जाना आसान नहीं होगा। धर्म परिवर्तन केवल पूरी प्रक्रिया और नियम कानून का पालन करने के बाद ही किया जा सकेगा। छत्तीसगढ़ सरकार धार्मिक स्वतंत्रता कानून में नियमों का उल्लंघन करने या जबरन धर्म परिवर्तन कराने पर जेल के साथ कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। 9 राज्यों के धर्मांतरण संबंधी प्रावधानों के आधार पर ड्रॉफ्ट तैयार किया गया है।

### 60 दिन पहले देनी होगी सूचना

नए विधेयक में अगर कोई व्यक्ति इस प्रस्तावित नियम के बाहर जाकर धर्म परिवर्तन करता है तो उसे वैध नहीं माना जाएगा। साथ ही किसी पर दबाव बनाकर या प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराया जाता है, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। धर्म बदलने के लिए जिला प्रशासन के माध्यम से 60 दिन पहले जानकारी देनी होगी। जबरन धर्मांतरण कराए जाने की शिकायत पाए जाने पर सजा का प्रावधान किया गया है।

### आदिवासी क्षेत्रों में आए कई मामले

फिलहाल गृह विभाग अन्य राज्यों के बनाए गए ऐसे कानूनों का अध्ययन कर रहा है, जिससे छत्तीसगढ़ में भी एक स्पष्ट और मजबूत नियम तैयार किया जा सके। आदिवासी और धर्म परिवर्तन करने वाले आदिवासियों के बीच कई बार गंभीर विवाद हो चुका है। कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है। इस कारण छत्तीसगढ़ सरकार ने ऐसे विवाद को टालने और धर्मांतरण पर एक कानून बनाने की प्रक्रिया शुरू की है।

**वित्त विभाग ने सभी विभागों के लिए जारी किया आदेश**

# 25 मार्च तक जमा होंगे देयक अवकाश के दिनों में भी खुलेंगे कोषालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन को देखते हुए बजट देयकों (बिल) के भुगतान और कोषालयों में उन्हें स्वीकार करने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विशेष सचिव चंदन कुमार द्वारा जारी इस आदेश के तहत ई-कुबेर के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए विभिन्न समय-सीमाएं और विशेष प्रावधान निर्धारित किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 से संबंधित समस्त देयक कोषालयों या उप-कोषालयों में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 25 मार्च, तय की गई है। वित्त विभाग ने स्पष्ट किया है कि भुगतान की प्रक्रिया को समय पर पूरा करने के लिए समय-सारणी का पालन अनिवार्य होगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 से संबंधित समस्त देयक कोषालयों या उप-कोषालयों में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 25 मार्च, है । एसएनए-स्पर्श से संबंधित देयक स्वीकृति के लिए अंतिम तिथि 30 मार्च तय की गई है । कोषालय द्वारा आपत्ति लगाकर वापस किए गए देयकों को सुधार कर जमा करने के लिए पोर्टल 27 मार्च 2026 तक खुला रहेगा ।

### 30 मार्च तक सभी बिलों का निराकरण अनिवार्य

वित्त विभाग ने आदेश में साफ किया है कि सभी कोषालय अधिकारियों को 30 मार्च तक प्राप्त समस्त देयकों का अनिवार्य रूप से निराकरण करना होगा । मार्च के अंतिम सप्ताह में बढ़ते कार्यभार को देखते हुए शासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है शासकीय वित्तीय संव्यवहारों के निष्पादन के लिए 28 मार्च (शनिवार) और 31 मार्च (मंगलवार) को भी समस्त कोषालय और उप-कोषालय खुले रहेंगे ।

## मुख्यमंत्री साय ने भाजपा के मुखपत्र 'दीपकमल' विशेषांक का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ के मुखपत्र दीपकमल के केंद्रीय बजट 2026-27 पर आधारित विशेषांक का नवा रायपुर स्थित विधानसभा भवन कार्यालय में विमोचन किया। इस विशेषांक में केंद्रीय बजट के साथ-साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ प्रवास को भी विस्तृत रूप से समाहित किया गया है, जो प्रदेश के विकास और जनकल्याण के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रकाशन की सफलता की शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि 'दीपकमल' का यह विशेषांक प्रदेशवासियों तक



केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा।

**भाजपा मीडिया विभाग की बैठक भी ली :** मुख्यमंत्री ने मंगलवार भाजपा मीडिया विभाग के सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक भी की। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश की प्रगति, जनहितकारी योजनाओं और विशेष रूप से राज्य की सुरक्षा चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की। श्री साय ने अपने प्रबोधन में मीडिया विभाग की भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और धरातल की समस्याओं को शासन तक लाने में मीडिया विभाग के सभी सदस्यों की सक्रियता सराहनीय है। विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने के लिए मीडिया विभाग एक सेतु के रूप में कार्य कर रहा है।

# मंडलों में भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ, बड़े नेता भी जाएंगे

**मंडलों के बाद जिलों में दिया जाएगा प्रशिक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन के 28 नेता मुंबई से प्रशिक्षण लेकर वापस आ गए हैं। इसके बाद पहले चरण में प्रदेश के पांचों संभाग में भाजपा की प्रशिक्षण कार्यशाला की गई। संभागों के बाद अब भाजपा के 479 मंडलों में कार्यशाला होगी। इसका प्रारंभ मंगलवार से कर दिया गया है। जहां इस कार्यशालाओं में जिलों के ट्रेनर जा रहे हैं, वहीं प्रदेश के बड़े मास्टर ट्रेनर भी जाएंगे। मंडलों की कार्यशाला के बाद जिलों की कार्यशाला होगी।

भाजपा की रीति-नीति से लेकर कार्य पद्धति सहित अलग-अलग 14 विषयों के लिए हर राज्य में मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। छत्तीसगढ़ के 28 मास्टर ट्रेनरों को मुंबई की कार्यशाला में तैयार किया गया हैं।



इन ट्रेनरों में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री यशवंत जैन, नवीन मार्कंडेय, अखिलेश सोनी के साथ प्रदेश के सांसद, विधायक और प्रदेश के नेता शामिल हैं। इनको अलग-अलग विषयों का ट्रेनर बनाया गया है।

**मंडलों में लगातार चलेगा प्रशिक्षण :** मुंबई की कार्यशाला के बाद सबसे पहले संभाग स्तर पर कार्यशाला की गई। प्रदेश के पांचों संभाग में सात विषयों के मास्टर ट्रेनर बनाए गए हैं। ये ट्रेनर अब मंडलों में जाकर प्रशिक्षण देंगे।

# भाजपा बोली- राष्ट्रपति का अपमान अशिष्ट आचरण की पराकाष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा पश्चिम बंगाल में आयोजित 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हुआ अपमान न केवल अशिष्ट आचरण की पराकाष्ठा है, बल्कि हमारे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मर्यादाओं की हत्या है।



भारत की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू का जिस तरह से बंगाल की ममता सरकार ने अनादर किया है, उसने देश के हर आदिवासी और नारी का सिर शर्म से झुका दिया है। श्री टेकाम ने कहा, प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इस अपमानजनक व्यवहार के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं पूरे आदिवासी समाज और देशभर की मातृशक्ति से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। श्री टेकाम ने मंगलवार को एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, यह भारत के इतिहास में शायद पहली बार हुआ है कि देश की राष्ट्रपति किसी राज्य के दौरे पर हों और न तो वहां की मुख्यमंत्री और न ही कोई वरिष्ठ मंत्री उनके स्वागत के लिए उपस्थित हों। यह केवल एक प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि राष्ट्रपति पद और संविधान का जानबूझकर किया गया अपमान है। श्री टेकाम ने सवाल किया, पहले से तय सिलीगुड़ी के बिधाननगर जैसे सुलभ स्थल को अंतिम समय में बदलकर बागडोंगरा के गोसाईंनपुर जैसे दुर्गम और छोटे स्थान पर क्यों ले जाया गया। क्या ममता सरकार डर गई थी कि राष्ट्रपति को सुनने के लिए उमड़ने वाला आदिवासियों का सैलाब उनकी सत्ता हिला देगा।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-11 (टिकरापारा) तहसील व जिला रायपुर**

**बटांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 06.03.2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण आकांसा पुजारी, अनुभव पुजारी, मोहित पुजारी पिता स्व. श्री मुकेश पुजारी द्वारा आवेदित ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-11 (टिकरापारा) स्थित भूमि खसरा नंबर 417/2 रकबा 0.4778 हेक्टेयर का बटांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्रमांक ......../ वाचक / नायब तह. / वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 19.12.2025 के परिपालन में दिनांक 12.03.2026 को समय 12.00 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के बटांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 70 के टिकरापारा (लालपुर) स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-11, टिकरापारा

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता / भूमिस्वामी श्रीराम साहू पिता बोधन साहू, निवासी- शीतला पारा, नवापारा, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) से उनके आधिपत्य एवं स्वामित्व की आबादी नजूल भूमि पर निर्मित दो मंजिला मकान जो कि, मौजा गांधी चौक के पास, लक्ष्मी किराना स्टोर के सामने देवपुरी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट जिसका प्रॉपटी आई. डी. नं- RPR651L00122 है भूषण लाल टोडर, पिता श्री अमन लाल टोडर, निवासी- मकान नं 259 टोडर पारा देवपुरी रायपुर छ.ग. को क्रय करने का सौदा कर लिया है मात्र बैनामा पंजीयन करने की कार्यवाही करना शेष है।

अतः उक्त संव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, साहूकार, शासकीय अथवा गैर शासकीय निकाय, निगम, पारिवारिक सदस्य एवं अन्य को कोई दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिनों के भीतर मय दस्तावेज के लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेंवे, केवल आम सूचना का खण्डन मान्य नहीं होगा। म्याद बाद की गयी दावा या आपत्ति इस आम सूचना के समक्ष अवैध व शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी, एवं मेरा पक्षकार अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन कराने के लिये स्वतंत्र होगा।

सो सूचना जाने।
रायपुर छ.ग.
दिनांक- 09.03.2026

भवदीय
श्रीमती रेखा बघेल अधिवक्ता
पता - जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर (छ.ग.) मो.नं.- 7869320934

**खण्डन सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम धरमपुरा, बजरंगचौक, वार्ड नं. 11 प.ह.नं. -00078 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 31/4 रकबा 0.0080 हे. याने 1500 वर्गफीट जिसके पूरे भूतल व प्रथम तल पर पक्का मकान निर्मित है जिसे वसियतकर्ता के रूप में श्री शंकरलाल साहू, उम्र-60 वर्ष, पिता- स्व. श्री मेहतरू राम साहू निवासी एच.नं.-184 कृषकनगर धरमपुरा जोरा, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. द्वारा उक्त सम्पत्ति को वसीयतकर्ता के रूप में अपने दूसरी पत्नी कांतिबाई, उम्र-50 वर्ष, को सम्पूर्ण रूप से स्वामित्व हक देते हुए दिनांक- 25/02/2026 को एक वसीयतनामा निष्पादित किया गया है, जिसमें उक्त समपत्ति को स्वअर्जित समपत्ति कथन किया गया है,मेरे पक्षकार अरविंद साहू पिता श्री शंकर लाल साहू निवासी-धरमपुरा माना रायपुर के कथनानुसार उक्त समत्ति उनके दादा स्व.श्री महेत्तरू राम साहू द्वारा अर्जित समपत्ति है विधि के अनुसार विरासत की समपत्ति पर अंतिम उत्तराधिकारी का पूर्ण हक व अधिकार होता है, अतः मेरे पक्षकार की ओर से अधिकृत व निर्देशानुसार वसीयतकर्ता द्वारा निष्पादित वसीयतनामा को विधि विरूद्ध व शुन्य घोषितकर खण्डन किया जाता है। भविष्य में उक्त भूमि, दान/विक्रय किया जाता है तो लाभान्वित पक्षकार स्वयं जिम्मेदार होंगे तथा न्यायालयीन विवाद से सुरक्षित रहने की सलाह देते व भविष्य में न्यायालयीन दस्तावेज के रूप में सुरक्षित रखने यह सूचना प्रकाशित है। सो सूचना जाने।

रायपुर दिनांक-10/03/2026

महेश कुमार देव (अधिवक्ता)
Reg. No.-2348/97 Civil Court
Raipur (C.G.) First Floor Room
No.-110 Table No.-35
Mo.No.- 98263-61411

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता श्रीमती दुर्गा ढीढी पति- श्री विष्णुराम ढीढी निवासी- मकान नं- 209, बटापारा, डूमरतराई, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. अपने हक स्वामित्व व आधिपत्य भूमि जो वाके मौजा- सिगारभाठा, प.ह.न. - 00012, रा.नि.म. - केन्द्री तहसील - अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 1444/1 रकबा 0.1300 हे., भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना अग्रिम राशि विक्रेता को अदा कर दिये है। बैनामा पंजीयन शेष है।

इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस पश्चात मेरे पक्षकार अपने नाम या अपने द्वारा नामित व्यक्ति के नाम बैनामा पंजीयन करायेगें।

उक्त संव्हार पर किसी शासकीय, अर्द्धशासकीय, वित्तिय संस्थान, व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह को कोई दावा उजर आपत्ति हो तो मय दस्तावेज, अपने लिखित दावा उजर आपत्ति समयावधि के भीतर अधोलिखित कार्यालयीन पते पर प्रेषित करे बाद मियाद अवधि ली गई दावा उजर आपत्ति मेरे पक्षकारों पर बंधनकारी ना होकर अवैध व शून्य होवेगी ।

"सो सूचना जाने"
रायपुर छ.ग.
दिनांक 10/03/2026

भवदीय
श्री कुणाल फरिकार (अधिवक्ता)
श्रीराम मंदिर के पास कंकाली पारा रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
मो.नं.- 98266-74118

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच

**रायपुर।** रेलवे प्रशासन की ओर से यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कन्फर्म बर्थ उपलब्ध कराने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-03 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई गई है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में 11 मार्च (बुधवार) 2026 को तथा गाड़ी 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में दिनांक 13 मार्च (शुक्रवार) 2026 को उपलब्ध रहेगी।

### संघर्ष करने वाली वीर बहनों का किया सम्मान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में रिहायशी इलाकों, स्कूलों, दोंदे और मंदिरों के पास नई शराब भट्ठियां (दुकानें) खोलने के खिलाफ स्थानीय निवासियों और जनप्रतिनिधियों सहित संघर्ष करने वाली वीर बहनों को महिला दिवस पर सम्मान किया गया, जिनके प्रयास से सरकार को अपना निर्णय वापस लेना पड़ा। कार्यक्रम में संघर्ष समिति के उधोराम वर्मा द्वारा महिलाओं का सम्मान किया गया। 25 दिनों तक आंदोलन का सफल संचालन का परिणाम है कि दोंदे में दारू दुकान नहीं खुली, ये पूरे प्रदेश में अनुकरणीय पहल है। इस अवसर पर भगत बंजारे, घनश्याम वर्मा, उत्तरा कमल भारती, कमल भारती, सूरज टंडन, लालू थवाईत सभी ने महिला वीर दीदियों का गुलाल एवं श्रीफल से सम्मान किया। सम्मानित होने वालों में सुमित्रा साहू, उमा निषाद, खेमीन निषाद, सत्या साहू, मोगरा वर्मा, अशोक बाई, काजल दास, दीपाली मंडल, रेखा निर्मलकर, राधा निर्मलकर आदि शामिल थीं।

### निधन

#### रितेश सोनकर



**रायपुर।** लाखेनगर सोनकर पारा निवासी रितेश सोनकर (गुड्डू) का 9 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे रूपेश सोनकर का छोटा भाई, विहान सोनकर के पिता और प्रयाग (कृष) के चाचा थे।

# ट्रेनों में चोरी-छिपे गुटखा, सिगरेट बेचने वाले वेंडर्स और आनबोर्ड स्टाफ पर रेलवे की नजर

**सभी जोनल रेलवे को बोर्ड का निर्देश, अभियान चलाकर छापेमारी और कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट बोर्ड को सौंपेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चलती ट्रेन के दौरान अब यात्रियों को अवैध रूप से गुटखा, सिगरेट या फिर शराब बेचते हुए पाया गया, तो सीधे जेल की हवा खानी पड़ सकती है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद बोर्ड ने भी यह पाया है कि कई ट्रेनों में आनबोर्ड स्टाफ और वेंडर्स की मिलीभगत से अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री की जा रही है।

इसे रोकने के लिए रेलवे ने अब जीरो टालरेंस की नीति अपनाई है। रेलवे बोर्ड ने देश के सभी जोनल रेलवे को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि हर ट्रेन में सघन छापेमारी और जांच अभियान चलाया जाए। रेलवे बोर्ड के निदेशक इनवायरमेंट एंड हाउसकीपिंग मैनेजमेंट द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, यह अभियान एक विशेष 'ज्वाइंट फोर्टनाइट ड्राइव' चलाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए रेलवे ने तीन प्रमुख विभागों का एक संयुक्त मोर्चा तैयार किया है। इस टीम में मैकेनिकल, कमर्शियल विभागों के साथ ही रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी और कर्मचारी शामिल होंगे। ये टीमें ट्रेनों के कोचों, पेंट्री कारों और वेंडिंग यूनिट्स की अचानक और गहन जांच करेंगी। छापेमारी के दौरान यदि किसी भी कोच में सिगरेट, गुटखा, तंबाकू या शराब की अवैध आपूर्ति पाई जाती है, तो तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेन के भीतर तैनात आधिकारिक स्टाफ भी जांच के दायरे में

रेलवे के आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि केवल बाहरी वेंडर ही नहीं, बल्कि ट्रेन के भीतर तैनात आधिकारिक स्टाफ भी जांच के दायरे में होगा। इनमें ऑनबोर्ड हाउसकीपिंग, लिनेन स्टाफ (चादर और कंबल देने वाले), पैंट्री कार कर्मचारी और अधिकृत वेंडर्स होंगे। अक्सर देखा गया है कि सफर के दौरान ये कर्मचारी चोरी-छिपे यात्रियों को प्रतिबंधित सामग्री उपलब्ध कराते हैं। अब पकड़े जाने पर इन कर्मचारियों को न केवल नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा, बल्कि संबंधित एजेंसी को ब्लैकलिस्ट भी कर दिया जाएगा।



### यात्रियों से लिया जाएगा सीधा फीडबैक

इस अभियान की एक खास बात यह है कि रेलवे अब यात्रियों को भी इस प्रक्रिया का हिस्सा बना रहा है। चेकिंग के दौरान अधिकारी यात्रियों से सीधे बात करेंगे और आनबोर्ड स्टाफ के व्यवहार व गतिविधियों पर उनका फीडबैक लेंगे। यदि कोई यात्री शिकायत करता है कि उसे स्टाफ द्वारा सिगरेट या गुटखा आफर किया गया है, तो उस पर तुरंत एक्शन होगा। रेलवे बोर्ड ने साफ कर दिया है कि इस अभियान का उद्देश्य केवल औपचारिकता पूरी करना नहीं है। पकड़े गए व्यक्तियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के साथ ही आपराधिक मामले भी दर्ज किए जाएंगे। सभी जोनल रेलवे को निर्देश दिया गया है कि वे हर दिन की गई छापेमारी और कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट बोर्ड को सौंपें।

## पूर्व में तीन आपराधिक मामले दर्ज

# कोयला घोटाला मामले में राकेश जैन के खिलाफ 1200 पेज का पूरक चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोयला घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू ने आरोपी राकेश जैन के खिलाफ मंगलवार को करीब 1200 पेज का पूरक चालान पेश किया है। ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया है कि अवैध कोल लेवी की रकम नकद में वसूली जाती थी, जिनके पास नकद में रकम देने को नहीं होता था, उनके लिए सूर्यकांत तिवारी ने शेल फर्मों की व्यवस्था कराई थी। इसमें उक्त आरोपी ने कोयला लेवी से प्राप्त अवैध धनराशि को वैध स्वरूप देने के उद्देश्य से विभिन्न फर्मों और बैंक खातों का उपयोग किया। आरोपी राकेश जैन ने कई शेल फर्मों के माध्यम से बैंकिंग चैनलों के जरिए कम से कम 40 करोड़ों की धनराशि का रूटिंगऔर लेयरिंग कर उसे नकद में परिवर्तित कर सूर्यकांत तिवारी तक पहुंचाने की व्यवस्था की थी। इस प्रक्रिया में फर्जी बिलिंग, विभिन्न व्यावसायिक मदों के नाम पर भुगतान तथा अनेक खातों में राशि स्थानांतरित कर वास्तविक स्त्रोत को छिपाने का प्रयास किया गया।

पूर्व में आरोपी राकेश जैन के विरूद्ध रायपुर पुलिस में तीन अपराधिक मामले दर्ज है, जिनमें एक प्रकरण में चालान पेश किया जा चुका है और दो प्रकरण विवेचनाधीन है। ब्यूरो के अन्य अपराध लिकर स्कैम में भी उक्त आरोपी ने अनवर ढेबर से संबंधित व्यक्तियों एवं विभिन्न फर्मो को भी अपने अवैध नेटवर्क से बैंक एंट्रीया दी है, और अवैध धनराशि कि लेयरिग में सहयोग किया है। जांच में यह भी पाया गया कि संबंधित कंपनियों से बड़ी मात्रा में धनराशि विभिन्न व्यक्तियों/फर्मों- जिसमें अनवर ढ़ेबर से संबंधित फर्मे और आर.ए. कॉरपोरेशन, स्टार ट्रेडर्स, महावीर एंटरप्राइजेज, श्रृष्टि मिनरल्स, मार्श एंटरप्राइजेज, सोमवत्ती सेल्स एवं आर्या एंटरप्राइजेज के खातों में स्थानांतरित की गई, जिसके बाद उक्त राशि को चरणबद्ध तरीके से निकालकर अवैध नेटवर्क से सूर्यकांत तिवारी तक पहुंचाया जाता था। उपलब्ध डिजिटल, दस्तावेज आदि साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धाराएं 120-बी, 420, 384, 467, 468, 471 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धाराएं 7, 7-ए एवं 12 के अंतर्गत अभियोजन की कार्यवाही की जा रही है। प्रकरण की जांच आगे भी जारी है तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।




### इनके खिलाफ भी चल रहा केस

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व में जुलाई 2024 में 15 आरोपियों-सौम्या चौरसिया, रानू साहू, समीर विश्नोई, शिवशंकर नाग, संदीप कुमार नायक, सूर्यकांत तिवारी, निखिल चंद्राकर, लक्ष्मीकांत तिवारी, हेमंत जायसवाल, चंद्रप्रकाश जायसवाल, शेख मोइनुद्दीन कुरैशी, पारेख कुर्रे, राहुल सिंह, रोशन कुमार सिंह एवं वीरेन्द्र जायसवाल के खिलाफ ईओडब्ल्यू के द्वारा अवैध कोल लेवी प्रकरण में प्रथम चालान प्रस्तुत किया गया था। अक्टूबर 2024 में 02 आरोपियों-मनीष उपाध्याय एवं रजनीकांत तिवारी, अक्टूबर 2025 में 02 आरोपियों-देवेन्द्र डडसेना एवं नवनीत तिवारी तथा दिसम्बर 2025 में 1 आरोपी-जयचंद कोशले के विरुद्ध पूरक चालान प्रस्तुत किया गया था।

# होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने गैस सिलेंडरों की कमी पर जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण देश के कई क्षेत्रों में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कमी हो गई है। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष तरनजीत सिंह होरा ने प्रदेश के सभी होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इस एडवाइजरी के जरिए उन्होंने सभी संचालकों से अपील की है कि इस अस्थाई चुनौती का सामना हम सभी को जिम्मेदारी और सहयोग से करना है। इसके लिए रसोई में खाना बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा बिजली उपकरणों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि अभी गैस सिलेंडर आसानी से मिल रहे हैं, इसलिए सिलेंडरों की जमाखोरी या अधिक मूल्य पर खरीदी करने से भी बचें।

- अध्यक्ष ने सभी होटल-रेस्टोरेंट संचालकों से की अपील- रसोई में बिजली उपकरणों का ज्यादा करें उपयोग

### घबराहट में सिलेंडरों की खरीदी-जमाखोरी से बचें

एसोसिएशन के अध्यक्ष तरनजीत सिंह होरा ने 6 बिदुओं पर एडवाइजरी जारी की है। पहले बिंदु में उन्होंने एसोसिएशन से जुड़े सभी सदस्यों से एकता और समन्वय बनाए रखने के लिए कहा है। उन्होंने ने सदस्यों से कहा है कि एसोसिएशन को किसी भी प्रमुख आपूर्ति व्यवधान की जानकारी दें। इसी प्रकार दूसरे बिंदु में उन्होंने सदस्यों से कहा है कि एलपीजी सिलेंडरों की कमी के घबराहट में वे सिलेंडरों की जमाखोरी से बचें, क्योंकि इससे पूरे उद्योग में स्थिति और बिगड़ सकती है। इसी प्रकार उन्होंने तीसरे बिंदु में आवश्यक रसोई कार्यों, मुख्य मेनू आइटमों और पहले से तय भोज कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने की बात कहीं है। चौथे बिंदु में उन्होंने आपातकालीन और स्टाफ रसोई में खाना बनाने के लिए इंडक्शन कुकटॉप, इलेक्ट्रिक हॉट प्लेट, इलेक्ट्रिक राइस कुकर और इलेक्ट्रिक केतली जैसे बिजली उपकरणों का जितना संभव हो सके उपयोग करने की बात कहीं है। इससे गैस सिलेंडरों की बचत होगी। इसके अलावा वैकल्पिक ईंधन व्यवस्थाओं जैसे कि पीएनजी, थोक एलपीजी भंडारण प्रणाली और हाइब्रिड इलेक्ट्रिक रसोई उपकरणों का पता लगाने तथा आपूर्ति संबंधी गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे अन्य सदस्यों को जहां भी कानूनी और सुरक्षित रूप से संभव हो सके, उनकी सहायता करने की भी अपील की है।

### 3 से 4 दिनों में हालात सुधरे नहीं तो पैनिक स्थिति बनने की संभावना

एसोसिएशन अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में गैस सिलेंडरों में इतनी कमी नहीं आई हैं, कि अधिक मूल्य पर सिलेंडर खरीदने की जरूरत पड़ी है, लेकिन अगर 3 से 4 दिनों में हालात सुधरे नहीं तो जरूर पैनिक स्थिति बन सकती है।

## बिजनेस साइट

### मंदिर हसौद में बैंक ऑफ बड़ौदा की नई शाखा का उद्घाटन

**रायपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा की मंदिर हसौद शाखा का विधिवत उद्घाटन मंगलवार को संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर अंचल के अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक दिवाकर पी. सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद दिवाकर पी. सिंह ने उपस्थित ग्राहकों को संबोधित करते हुए बैंक की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मंदिर हसौद शाखा आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं से सुसज्जित है और इसका उद्देश्य क्षेत्र के ग्राहकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना है। रायपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक किसलय प्रसाद ने कहा कि नई शाखा के माध्यम से स्थानीय लोगों को बचत, ऋण, डिजिटल बैंकिंग और निवेश जैसी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। समारोह में सहायक महाप्रबंधक प्रदीप कुमार यादव, शाखा प्रमुख ज्योति कुमारी, बैंक स्टाफ, स्थानीय नागरिक और बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे।



### रायपुर में दो दिवसीय राइनोप्लास्टी वर्कशॉप का सफल आयोजन

**रायपुर।** कालड़ा बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी एवं सीजीएपीआरएएस के तत्वावधान में दो दिवसीय राइनोप्लास्टी कॉन्फ्रेंस कम वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में देश के विभिन्न हिस्सों से आए लगभग 50 प्लास्टिक सर्जनों ने भाग लेकर नाक की सर्जरी से जुड़ी आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का संचालन कोर्स डायरेक्टर डॉ. सुनील कालड़ा तथा अंतरराष्ट्रीय फैकल्टी यूके से आए डॉ. नासिर के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को नाक की संरचना, जटिल विकृतियों के उपचार तथा आधुनिक सर्जिकल तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया गया।



वर्कशॉप के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 30 मरीजों की जांच की, जिनमें से चयनित 7 मरीजों का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। इनमें टेढ़ी नाक, क्लेफ्ट राइनोप्लास्टी और अन्य जटिल समस्याओं का इलाज किया गया। लाइव ऑपरेटिव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से डॉक्टरों को सर्जरी की बारीकियां सीखने का अवसर मिला। समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### यूको बैंक ने महिला चिकित्सकों का किया सम्मान



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रायपुर स्थित बोर्नियो हॉस्पिटल में यूको बैंक एमआईडी कॉरपोरेट ब्रांच, रायपुर द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को सम्मानित करना और समाज में उनके महत्व को रेखांकित करना था। इस अवसर पर बोर्नियो हॉस्पिटल की हेड ऑफ ऑपरेशन्स धबलिया सहित डॉ. नवमिता माजी, डॉ. पारिधि जैन, डॉ. नूपुर खंडेलवाल, डॉ. नीलम चंद्रा, डॉ. कविता और डॉ. शिल्पी लुनिया उपस्थित रहीं। सभी महिला चिकित्सकों को उनकी सेवा भावना, समर्पण और मरीजों के प्रति प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में यूको बैंक की ओर से उप आंचलिक प्रमुख अमोल मंधारे, एजीएम सतीश कुमार, मुख्य प्रबंधक संजीब गौड़ा, वरिष्ठ प्रबंधक सौरभ पी. प्रकाश, प्रबंधक श्वेता प्रधान तथा सहायक प्रबंधक श्वेता अय्यर उपस्थित रहे।

### महिला दिवस पर नवकार ज्वेलर्स ने किया 'रायपुर का स्वाभिमान' सम्मान

**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मालवीय रोड स्थित नवकार ज्वेलर्स द्वारा 'रायपुर का स्वाभिमान' सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शहर की उन प्रेरणादायक महिलाओं को सम्मानित करना था, जो अपने साहस, समर्पण और कार्यक्षमता से समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। कार्यक्रम में डीएसपी पूर्णिमा लामा, नंदिनी ठाकुर, रुचि वर्मा और उनकी टीम को समाज में उत्कृष्ट योगदान और उल्लेखनीय कार्यों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी मेहनत और प्रतिभा से नई ऊंचाइयों को छू रही हैं तथा समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। नवकार ज्वेलर्स के संचालक प्रीतम जैन और आंचल जैन ने कहा कि महिला शक्ति समाज की असली ताकत है और ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेरणादायक महिलाओं को पहचान देना आवश्यक है।



### विश्व किडनी दिवस पर वी-वाय हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

**रायपुर।** विश्व किडनी दिवस के अवसर पर 12 मार्च को वी वाय हॉस्पिटल, रायपुर में निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य लोगों में किडनी से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मरीजों को समय पर उचित उपचार उपलब्ध कराना है। शिविर में हॉस्पिटल के वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनीत चौधरी मरीजों को किडनी से संबंधित समस्याओं, उनके लक्षणों और बचाव के तरीकों के बारे में परामर्श देंगे। साथ ही मरीजों के लिए आवश्यक जांच की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इस दौरान किडनी से संबंधित विभिन्न जांचों पर 50 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जाएगी। शिविर का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है।




## बंधक बनाकर गर्भवती महिला से दुष्कर्म आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में एक गर्भवती महिला को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म करने तथा उसके बाद पीड़िता को परेशान करने का मामला सामने आया है। इस घटना की रिपोर्ट पर सिविल लाइन थाना में दर्ज कराई गई है। बताया गया कि घटना करीब एक साल पहले की है। वहीं पीड़िता का पति किसी सरकारी विभाग में अफसर है। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मामले में तत्काल जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म के साथ एट्रोसिटी का प्रकरण भी दर्ज किया है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि स्वर्णभूमि निवासी एक महिला ने कुछ दिनों पूर्व थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि गोपाल गोयल नामक व्यक्ति पहले स्वर्णभूमि में ही रहा करता था। वह पुरानी गाड़ियों का व्यापार करता है। सालभर पहले जब वह गर्भवती थी, उसी दौरान गोपाल ने उसे अकेला पाकर बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। इस घटना के बाद पीड़िता ने अपने पति और परिवार की इज्जत की खातिर इसकी जानकारी किसी को नहीं दी थी, जिसका फायदा गोपाल उठाने लगा था और आए दिन उसे इस घटना को लेकर परेशान करने लगा। सालभर से वह पीड़िता को परेशान कर रहा था, जिससे तंग आकर पीड़िता ने आखिरकार चुप्पी तोड़ते हुए थाने में आरोपी के विरुद्ध शिकायत की। पुलिस ने इस शिकायत के आधार पर मामले की जांच करते हुए गोपाल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है।



## जरवाय में अवैध प्लाटिंग पर निगम ने उठाया कड़ा कदम

**रायपुर।** राजधानी के वीर सावरकर नगर वार्ड स्थित जरवाय में 1 एकड़ निजी भूमि पर फिरोज आलम और ईश्वर साहू के द्वारा भू स्वामियों से मिलकर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर कड़ाई बरतते हुए निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल स्थल पर निर्मित 12 प्लीन्थ लेवल तक किए गए अवैध निर्माण को तोड़कर रोक लगाई। वहीं अब इस अवैध प्लाटिंग से संबंधित भूमि के खसरा को ब्लाक करने जोन 8 के नगर निवेश विभाग ने तहसीलदार और पंजीयक को पत्र लिखा है। इसके साथ ही अवैध प्लाटिंग की भूमि को अधिग्रहण करने की प्रक्रिया की जा रही है। नगर निगम प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि ऐसे क्षेत्र में निवेश करने से बचें। नगर निगम सीमा क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग और अवैध निर्माण पर रोक लगाने इन दिनों जोनवार अभियान चलाया जा रहा है।



### महोबाबाजार से टाटीबंध तक हटाए 30 ठेले-गुमटियां

राजधानी में सड़क किनारे बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम प्रशासन कड़ाई बरत रहा है। मंगलवार को नगर निगम जोन 8 की टीम ने महोबा बाजार चौक, टाटीबंध और बिलासपुर मुख्य मार्ग किनारे अभियान चलाकर 30 ठेले व गुमटियां हटाई, वहीं 15 अवैध दुकानों को जेसीबी मशीन से तोड़ने की कार्रवाई भी की गई। अभियान का नेतृत्व जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने किया। इस दौरान कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता अमन चंद्राकर, अनुराग पाटकर, अबरार खान, उप अभियंता लोचन चौहान, नगर निवेश विभाग की टीम, टीम प्रहरी और पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

## पेज 9 के शेष

### कचना ओवरब्रिज शुरू होने में...

ढ़लाई के बाद ब्रिज में रंग रोगन का कार्य किया जाएगा, जिसमें सप्ताहभर का समय लग सकता है। इसके अलावा जहां रेलवे पटरी के उसके ऊपर ब्रिज के दोनों और लंबी जाली भी लगनी है। गर्डन लॉन्चिंग के बाद कार्य केवल 30 प्रतिशत रह गया है। अंतिम में पीडब्लूडी के द्वारा ब्रिज की मानक जांच होगी।

### संकट नहीं, पर सिलेंडर के लिए...

तहत गैस एजेंसियों के संचालकों को जहां 8 बिंदुओं पर निर्देश जारी कर इसका पालन करने करने के लिए कहा है, वहीं खाद्य विभाग के अधिकारियों को भी सप्ताह में एक दिन एजेंसियों के कार्यालय का निरीक्षण करने के साथ स्टॉक और उपभोक्ताओं को वितरण किए गए गैस सिलेंडरों का मिलान कर भौतिक सत्यापन करने निर्देशित किया है।

कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास भवन में मंगलवार को कलेक्टर गौरव सिंह की मौजूदगी में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, खाद्य विभाग के अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा सहित अन्य कई अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न गैस कंपनियों के अधिकारी एवं डीलर भी शामिल रहे। इस बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जिले में संचालित सभी गैस एजेंसियों पर निगरानी रखें और सप्ताह में एक दिन एजेंसी के कार्यालय का निरीक्षण करें तथा गैस सिलेंडरों के स्टॉक एवं वितरण का भौतिक सत्यापन करें तथा किसी भी एजेंसी में किसी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई करें।

### गैस एजेंसियों को इन निर्देशों ...

**सत्यापन और हेल्पलाइन :** खाद्य विभाग के अधिकारी सप्ताह में एक बार गैस एजेंसी जाकर सत्यापन कार्य करेंगे। इसके लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाए, साथ ही गैस कंपनी के सेल्स अफसर का मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक करना होगा।

**सेल्स अफसर की जांच**–सभी गैस कंपनी के सेल्स अफसर को भी अपने प्रभार के गैस एजेंसी की जांच सप्ताह में एक बार करनी होगी। जांच करने के बाद अफसर इसकी जानकारी खाद्य विभाग को देंगे।

**शिकायत पर होगी कार्रवाई-** कलेक्टर ने निर्देश में गैस एजेंसी डीलरों को चेतावनी भी दी है कि अगर डीलर कोई गड़बड़ी करता है और इसकी शिकायत उपभोक्ता के माध्यम से आती है, और जांच में शिकायत सही पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### विक्रम संवत 2083 : गुरु...

शनि इस संवत में मीन राशि में संचार करेंगे। हिंदू नव वर्ष के राजा गुरु होंगे। नव संवत्सर के साथ चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च से होगी। समापन 27 मार्च को होगा। चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर शुरू होगी और तिथि का समापन 20 मार्च की सुबह 4 बजकर 52 मिनट पर होगा। इसीलिए इस वर्ष चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च को घटस्थापना के साथ होगी।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार विक्रम संवत 2083 का नाम 'रौद्र' संवत्सर है, जिसका प्रभाव साल भर देखने को मिलेगा। इस साल चैत्र नवरात्र कुछ खास ज्योतिषीय संयोग में शुरू होंगे। प्रतिपदा तिथि अमावस्या में मिलने के कारण पहली तिथि टूटने का योग बन रहा है, लेकिन इसके बावजूद नवरात्र पूरे नौ दिनों के ही रहेंगे। प्रतिपदा तिथि 19 को सूर्योदय के बाद प्रारंभ होगी और अगले दिन 20 मार्च को सूर्योदय से पहले ही समाप्त हो जाएगी। शास्त्रों के अनुसार जिस दिन प्रतिपदा तिथि होती है, उसी दिन नवरात्र घटस्थापना करना श्रेष्ठ माना गया है।

## खबर संक्षेप

### जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष बने सतीश



**रायपुर।** संत गोबिंदराम शदाणी कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय देवेंद्र नगर की जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष सतीश कन्हैयालाल छुगानी को बनाया गया है। यह नियुक्ति संत साईं डॉ. युधिष्ठिर लाल के आशीर्वाद से मंत्री केदार कश्यप द्वारा और विधायक पुरंदर मिश्रा की अनुशंसा पर की गई है।

### राज्य सरकार 21 मार्च को विजय दिवस घोषित करे : उपासने

**रायपुर।** लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं लोकतंत्र प्रहरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर मांग की है कि आपातकाल के दौरान प्रदेश में जिन सेनानियों ने तानाशाही सरकार का विरोध किया, 21 माह जेलों की यातनाएं सहीं, सड़कों पर निकलकर जीवनभर जेल में रहने का संकल्प लेकर सत्याग्रह किया और स्वतः गिरफ्तार हो जेल गए, यह पीढ़ी लोकतंत्र की रक्षा करने वाली भावी पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बनेगी तथा इतिहास में दर्ज होगी, क्योंकि यह आजादी की दूसरी लड़ाई के वाहक हैं।

### डॉ. सहाय को मिला डॉक्टर ऑफ ईयर अवार्ड

**रायपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ चैप्टर द्वारा आयोजित 21वीं राज्यस्तरीय



कॉन्फ्रेंस में कंसल्टेंट फिजिशियन प्रो. डॉ. अजय सहाय को डॉक्टर ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। स्थानीय बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, मोवा में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के लगभग ढाई सौ डॉक्टर्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। डॉ. सहाय एक फिल्म निर्माता, निर्देशक और लेखक भी हैं।

### शाही रोजा इफ्तार 13 को

**रायपुर।** मुस्लिम समाज का रमजान माह चल रहा है। इसी कड़ी में नेताजी सुभाष स्टेडियम में 13 मार्च को शाही रोजा इफ्तार रखा गया है, जिसमें करीब दस हजार रोजेदार शामिल होंगे और सर्व समाज के प्रमुख भी शामिल होकर कौमी एकता का संदेश देंगे। इस शाही इफ्तार के आयोजन को 20 साल हो गए हैं, जो कौमी एकता, सर्वधर्म, समभाव का प्रतीक है।

### अशरफी बने ऑल इंडिया उलमा मशाइख बोर्ड छग यूनिट के नए सदर

**रायपुर।** हजरत मौला अली इब्ने अबु तालिब अलैहिस्सलाम के यौम-ए-शहादत पर तकरीर का



आयोजन 11 मार्च बुधवार रात 11 बजे, चांदनी चौक नेहरू नगर में हुजूर अशरफे मिल्लत हजरत सैय्यद मोहम्मद अशरफ अशरफी अल जिलानी किछछवि की सरपरस्ती में होगा, जिसकी सदारत हुजूर मुजाहिदे इस्लाम हज़रत सैय्यद आलमगीर अशरफ अशरफी अल जिलानी किछौछवी साहब और मुकर्रीरे खुसूसी मुफ्ती शफीकुल कादरी साहब मुम्बई होंगे।

# रविवि में दाखिले के लिए आवेदन प्रारंभ, मई में होगी प्रवेश परीक्षा, चुकाने होंगे 500 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने अध्ययनशाला में प्रवेश के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए हैं। प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही छात्रों को प्रवेश दिए जाएंगे। ये परीक्षा ऑफलाइन मोड में होगी। ना सिर्फ स्नातक बल्कि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं के लिए भी पंजीयन शुरू कर दिए गए है। ऑनलाइन पंजीयन के लिए सामान्य वर्ग को 500 रुपए चुकाने होंगे। अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को 400 रुपए देने होंगे। जबकि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए 300 रुपए का भुगतान करेंगे। गौरतलब है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्नातकोत्तर के साथ-साथ स्नातक स्तर की परीक्षाएं भी अब सेमेस्टर प्रणाली से आयोजित की जा रही है। नवंबर-दिसंबर से सेमेस्टर परीक्षाएं प्रारंभ हो जाने के कारण छात्रों को पूर्व की तरह सितंबर-अक्टूबर तक प्रवेश प्रदान किया जाना संभव नहीं है। ऐसे में पंजीयन, प्रवेश परीक्षा सहित अन्य प्रक्रिया पर्याप्त समय पूर्व प्रारंभ की जा रही है।

अलग खबर

## जुलाई अंत तक ही दिए जाएंगे प्रवेश, इसलिए प्रवेश परीक्षा सहित अन्य कार्यों में शीघ्रता

### ऐसा है शेड्यूल

- ऑनलाइन पंजीयन - 9 मार्च से 9 अप्रैल तक
- प्रवेश पत्र जारी होने की तिथि - 15 अप्रैल
- ऑफलाइन परीक्षा की प्रस्तावित तिथि - 7 मई से 10 मई तक



### जिनके परिणाम नहीं, वे भी हो सकेंगे शामिल

रविवि ने स्पष्ट किया है कि स्नातकोत्तर प्रवेश-परीक्षा ऑनलाइन पंजीयन के लिए स्नातक अंतिम वर्ष के परीक्षार्थी जिनका परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है अथवा ऐसे परीक्षार्थी जो वर्तमान में स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं, वे आवेदन कर सकते हैं। विषयवार ऑफलाइन परीक्षा की वास्तविक तिथि एवं अन्य निर्देश पृथक से जारी की जाएगी। प्रवेश परीक्षा ऑफलाइन माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिसके संबंध में भी विस्तृत जानकारी पृथक रुप से बाद में जारी होगी। रविवि ने छात्रों को ऑनलाइन पंजीयन एवं अन्य निर्देशों के लिये विश्वविद्यालय की वेबसाइट का निरंतर अवलोकन करते रहने की सलाह दी है।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रदेशभर की स्वच्छता दीदियों को किया सम्मानित

# नगर निगमों में हर महीने स्वच्छता का आकलन 14 मार्च से लगेगा स्वास्थ्य जांच विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त विश्वदीप समारोह में हुए शामिल

प्रदेश के सभी नगर निगमों में अब स्वच्छता का हर महीने आकलन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग के अंतर्गत नगरीय निकायों में स्वच्छता और महिला कल्याण को जमीनी स्तर पर मजबूत करने स्वच्छता दीदियों के स्वास्थ्य जांच के लिए 14 मार्च से प्रदेश भर में 15 दिनों का विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने नारी शक्ति सम्मान समारोह के दौरान दो महत्वपूर्ण घोषणाएं की। राजधानी के शासकीय मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में स्वच्छता, स्वावलंबन और सशक्तीकरण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वच्छता दीदियों, महिला हितग्राहियों एवं स्वसहायता समूहों की महिलाओं को सम्मानित किया।

श्री साव ने मंगलवार को आयोजित समारोह में नगरीय निकायों में हर महीने स्वच्छता के आंकलन के लिए छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग का शुभारंभ किया। इस मौके महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में कभी निराश होने की जरूरत नहीं है। महिलाएं संघर्ष और करूणा की प्रतिमूर्ति हैं। आप में जो क्षमता और ताकत है, वो किसी और में नहीं है। देश में ऐसी अनेक घटनाएं और प्रसंग हैं जहां नारी शक्ति ने अपनी ममता, तपस्या, त्याग और बलिदान की अनूठी मिसाल पेश की हैं। श्री साव ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद महिलाओं के सम्मान और सशक्तीकरण के लिए कई योजनाएं शुरू हुई हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर में शौचालय बनाए गए हैं, उज्जवला योजना से रसोई गैस दिए गए हैं, जल जीवन मिशन ने महिलाओं की दिनचर्या पूरी तरह बदल दी है। 'एक पेड़ मां के नाम' और 'वीमेन फॉर ट्री' जैसी योजनाओं ने महिलाओं की प्रतिष्ठा और सम्मान बढ़ाया है।

नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने बताया कि राज्य में स्वीकृत दो लाख 44 हजार प्रधानमंत्री आवासों में से एक लाख 77 हजार आवास महिलाओं के नाम से स्वीकृत हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना से यह संभव हुआ है कि इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं के पास खुद के नाम पर पक्का घर है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत राज्य के 70 हजार महिला स्ट्रीट वेंडर्स को 88 करोड़ रुपए से अधिक का ऋण बैंकों के माध्यम से दिलाया गया है।





### इनका किया गया सम्मान, चेक सौंपे



*समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों के स्वच्छता दीदियों के प्रतिनिधि के रूप में बिलासपुर की रामेश्वरी सागर, कुम्हारी की मंजू देवांगन, बिल्हा की संपति यादव, अंबिकापुर की संगीता गुप्ता, विश्रामपुर की भारती गुप्ता और पाटन की लता मंडलेश को सम्मानित किया गया। विपरीत परिस्थितियों के बीच नगर निगम के सहयोग से प्रधानमंत्री आवास का निर्माण करने वाली रायपुर की मांडवी कौशिक, बीरगांव की बिमला साहू, कुम्हारी की त्रिवेणी साहू, राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित बगीचा की महिला हितग्राही सुमन तिर्की तथा वीमेन फॉर ट्री में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बिलासपुर की पल्लवी विजय क्षत्री, लोरमी की दुर्गा राजपूत और बगीचा की प्रभा यादव का भी सम्मान किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने निर्धारित समयावधि में प्रधानमंत्री आवास का निर्माण पूर्ण कर मुख्यमंत्री गृहप्रवेश सम्मान का हकदार बनीं रायपुर की रजनी ध्रुव, कुम्हारी की गीता पाल और बीरगांव की पलक देवांगन को ,प्रत्येक को 32 हजार 850 रुपए का चेक प्रदान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत रायपुर नगर निगम की तीन स्ट्रीट वेंडर्स लक्ष्मी साहू, रत्ना दीप और बी. लावण्या को 50-50 हजार रुपए के चेक प्रदान किए।*

विभिन्न पहलुओं पर चर्चा

# कैट ने की नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैट की छत्तीसगढ़ इकाई ने मंगलवार को नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 के भव्य आयोजन के बाद समीक्षा के लिए बैठक बुलाई। इसमें आयोजन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सहयोगियों ने अपने अनुभव एक दूसरे के साथ साझा किए।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि मात्र 22 दिनों की तैयारी में इतने बड़े और भव्य आयोजन को सफलतापूर्वक पूरा करना पूरे संगठन की सामूहिक मेहनत, समर्पण और टीम वर्क का परिणाम है। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता से यह आयोजन यादगार रहा। इस अवसर पर अमर पारवानी ने कहा कि नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 का सफल आयोजन सभी साथियों के अथक परिश्रम, सहयोग और सकारात्मक सोच से संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि इतने कम समय में अपनी पूरी क्षमता और ऊर्जा के साथ कार्य करते हुए इस आयोजन को सफल बनाया, जो संगठन की एकता और कार्यशैली का उत्कृष्ट उदाहरण है। श्री पारवानी ने कहा कि इस तरह के आयोजन प्रदेश के व्यापार को नई दिशा देने के साथ-साथ व्यापारियों के बीच आपसी समन्वय और सहयोग को भी मजबूत करते हैं।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, सुरिन्द्रर सिंह, अजय अग्रवाल, राजेन्द्र जग्गी, वासु माखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, जय नानवानी, दीपक विधानी, बीके सिंह, सूरज उपाध्याय,द्वारका लखवानी, विजय पटेल, विक्रांत राठौर, शैलेन्द्र शुक्ला, रौनक पटेल, अमित गुप्ता, मनीष सोनी, प्रकाश माखीजा, बीएस परिहार, यश पटेल, मधु अरोरा, पिंकी अग्रवाल, बिलासपुर कैट अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह उपस्थित रहे। टीम कैट ने उनका गर्मजोशी से उनका स्वागत किया।

# प्रश्नपत्र में 'डांसिंग क्यूआर' के बाद बोर्ड ने कहा- गणित के पर्चे असली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि कक्षा 12वीं की गणित परीक्षा के प्रश्न पत्र पूरी तरह प्रामाणिक हैं। हाल ही में कुछ प्रश्न पत्रों पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन करने पर यूट्यूब के वीडियो खुलने की खबर सामने आई। इससे छात्रों और अभिभावकों में चिंता बढ़ गई। बोर्ड ने कहा है कि परीक्षा की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं हुआ है। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। बोर्ड ने बताया, कक्षा 12वीं के प्रश्न पत्रों में कई सुरक्षा उपाय लगाए गए हैं। इनमें क्यूआर कोड भी शामिल हैं, जो प्रश्न पत्र की प्रामाणिकता को जांचने में मदद करते हैं। यदि सुरक्षा उल्लंघन की कोई संभावना होती है, तो क्यूआर कोड के माध्यम से तुरंत सत्यापन किया जा सकता है।



- 9 मार्च को हुई गणित विषय की परीक्षा में दिए गए बारकोड को लेकर विवाद
- बारकोड स्कैन करने पर सामने आया रिक एस्टली का प्रसिद्ध गाना 'नेवर गोना गिव यू अप'

### यह है मामला

9 मार्च 2026 को आयोजित कक्षा 12वीं की गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई। प्रश्नपत्र में क्यूआर कोड भी दिया गया था। कुछ सेटों के क्यूआर कोड स्कैन करने पर यूट्यूब वीडियो खुलने लगा। इस वीडियो में एक व्यक्ति डांस करते हुए नजर आया। इससे छात्रों और उनके अभिभावकों में प्रश्न पत्र की सत्यता को लेकर सवाल उठने लगे। परीक्षा समाप्त होने के कुछ मिनटों बाद ही यह क्यूआर कोड और वीडियो सोशल साइट्स पर ट्रेंड करने लगा। हालांकि बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि सभी प्रश्न पत्र संपूर्ण रूप से प्रामाणिक हैं और सुरक्षा में कोई कमी नहीं हुई है। सभी सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं पारंपरिक पेन-एंड-पेपर तरीके से आयोजित की जा रही हैं। हाल ही में, बोर्ड ने ईरान-इजराइल संघर्ष के कारण फिर से मिडिल ईस्ट के कुछ हिस्सों जैसे बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को 16 मार्च 2026 तक स्थगित करने का फैसला लिया है।

### होगी जांच

*बोर्ड ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और कहा है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। छात्रों और अभिभावकों को आश्वासन दिया गया है कि परीक्षा प्रक्रिया सुरक्षित और भरोसेमंद है और सभी प्रश्न पत्र सही तरीके से वितरित किए गए हैं। यह मामला तब सुर्खियों में आया जब छात्रों ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर प्रश्न पत्र की तस्वीरें साझा कीं, जिनमें क्यू कोड दिखाई दे रहे थे। परीक्षा के दौरान कुछ छात्रों ने अपने प्रश्न पत्रों पर एक क्यूआर कोड देखा। जब इस कोड को स्कैन किया गया, तो यह रिक एस्टली के प्रसिद्ध गाने 'नेवर गोना गिव यू अप' से जुड़ गया। इस घटना के कारण सोशल मीडिया पर तेजी से चर्चा हुई और छात्रों और अभिभावकों में सवाल उठने लगे कि प्रश्न पत्र सही हैं या नहीं।*

# नांदगांव, दुर्ग का पारा 39, रायपुर 38.6 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली के बाद प्रदेश में गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को राजनांदगांव और दुर्ग का अधिकतम तापमान 39 डिग्री तक पहुंच गया और रायपुर का पारा 38.6 तक पहुंचा। दिन में तेज धूप और वातावरण में मौजूद नमी के कारण रात से भी ठंड गायब हो गई है। सामान्य से ज्यादा गर्मी होने की वजह से घरों में पंखा एसी का उपयोग शुरू हो गया है। पिछले साल गर्मी ने राजनांदगांव में मार्च के अंतिम दिनों में अपने दस साल का रिकार्ड ब्रेक किया था। मार्च के पहले सप्ताह में होली के बाद गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू किया है और मामूली उतार-चढ़ाव के बीच इसके आगे बढ़ने का क्रम जारी है। खासकर मध्य इलाकों में दिन में तेज धूप का प्रभाव नजर आने लगा है।

### दिन और रात का तापमान और अंतर

| शहर | अधिकतम | अंतर | न्यूनतम | अंतर |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 38.6 | +4.8 | 23.0 | +3.1 |
| बिलासपुर | 37.3 | +3.0 | 22.6 | +4.1 |
| पेंड्रा | 35.1 | +4.1 | 19.8 | +3.4 |
| अंबिकापुर | 32.9 | +2.4 | 16.4 | +1.5 |
| दुर्ग | 39.0 | +4.3 | 18.6 | -1.4 |








हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 11 मार्च 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937


फोटो : अजय साहू

*बसंत और फागुन खूबसूरत फूलों का मौसम है, जिसकी महक गर्मी के शुरुआती दिनों में ही फिजाओं में घुलने लगती है। इन दिनों जैसे-जैसे फागुन आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे खिले हुए खूबसूरत फूल मार्च की गर्मी में भी सुकून का एहसास करा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहर की सड़कों तक, बसंत और फागुन सीजन के फूल प्राकृतिक रूप से अपनी छटा बिखेर रहे हैं। हरिभूमि ने इन शानदार फूलों की तस्वीरों को अपने कैमरे में कैद किया।*

### मार्च की गर्मी में फागुन का सुकून दे रहे सतरंगी फूल, कृषि विवि में फूलों की खेती देखने पहुंच रहे लोग

# गर्मी की दस्तक के बीच फागुन का अहसास, सड़कों से लेकर खेतों तक बिखरी खूबसूरत फूलों की छटा

**रायपुर।** बता दें कि मार्च की इस गर्मी में कृषि विश्वविद्यालय परिसर में पलाश, डेल्फीनियम, बोगनवेलिया, ग्लैडियोलस, कॉर्नफ्लावर, हॉलीहॉक और लार्कस्पर जैसे खूबसूरत फूलों के पौधे रोपे गए हैं। कृषि विवि में मौसम के अनुसार फूल रोपे जाते हैं, ताकि परिसर हमेशा फूलों की खूबसूरती से महकता रहे। यहां सड़कों के किनारे, परिसर व गार्डन में बसंत और फागुन मौसम के पौधे छाए हुए हैं, जिनकी खूबसूरती लोगों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रही है। खास बात यह है कि कृषि विवि में एक ही प्रजाति के फूल तीन से चार अलग-अलग रंगों में खिले हुए हैं। फूलों को लेकर जब पुष्प विशेषज्ञ से बातचीत की गई, तो उन्होंने बताया कि बोगनवेलिया, जिसे 'कागज फूल' भी कहते हैं, आमतौर पर लगभग पूरे साल खिलता है, लेकिन बसंत और गर्मी की शुरुआत में इसमें सबसे ज्यादा और घने फूल आते हैं। खास बात यह है कि इस फूल को तेज धूप काफी पसंद होती है, इसलिए इस मौसम में यह फूल अपने पूरे शबाब पर होता है। यह फूल पांच-छह रंगों में पाया जाता है और बड़ी आसानी से लग जाता है। इसी वजह से गर्मी में यह सबसे अधिक खिलने वाला फूल है।



### कृषि विवि बना फूलों का घर

कृषि विश्वविद्यालय का फूलों से महकता यह परिसर इन दिनों राजधानी के युवाओं के लिए सबसे पसंदीदा 'सेल्फी पॉइंट' बन गया है। रंगबिरंगे फूलों के बीच फोटो खिंचाने और इंस्टाग्राम के लिए रील्स बनाने वालों की यहां सुबह से शाम तक रौनक रहती है। मार्च की तेज धूप की परवाह किए बिना, प्रकृति के इन खूबसूरत नजारों को अपने कैमरों और मोबाइल में कैद करने के लिए शहरवासी बड़ी संख्या में यहां पहुंच रहे हैं। विवि में दर्जनों किस्मों के सतरंगी फूल देखने को मिल रहे हैं। 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र में लगे सूरजमुखी के पौधे आकर्षण का मुख्य केंद्र बने हुए हैं। हर दिन भारी संख्या में लोग केवल इन फूलों का दीदार करने पहुंच रहे हैं।

### सड़कों से लेकर खेतों तक पलाश की छटा

हर मौसम की अपनी एक अलग पहचान होती है, जो अक्सर उस मौसम में खिलने वाले फूलों से बयां होती है। इन दिनों फागुन के मौसम में पलाश (टेसू) के फूल शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के खेतों तक छाए हुए हैं। पलाश के ये फूल विशेष रूप से फाग के मौसम में ही अपनी छटा बिखेरते हैं। राजधानी की सड़कों पर भी इन दिनों ये सुर्ख़ लाल फूल हर किसी का ध्यान खींच रहे हैं। नवा रायपुर से लेकर एयरपोर्ट रोड तक बसंत ऋतु के ये प्राकृतिक फूल बड़ी संख्या में खिले हुए हैं।

### कैमरे में कैद बसंत और फागुन के खास फूल

*कृषि विवि परिसर में यूं तो कई प्रजातियों के फूल खिले हैं, लेकिन हरिभूमि की टीम ने बसंत और फागुन के मौसम में खिलने वाले जिन खास फूलों को कैमरे में कैद किया है, वे इस गर्मी में भी सुकून दे रहे हैं:-*

**लार्कस्पर :** बसंत की शुरुआत के साथ ही नीले, सफेद और बैंगनी रंग के गुच्छों में खिलने वाला यह फागुन का बेहद खास फूल है।





**बोगनवेलिया:** इसे 'कागज फूल' भी कहते हैं। फागुन की खिली हुई तेज धूप इसे बेहद पसंद है, जिससे मार्च की गर्मी में इसके चटक रंग और निखर जाते हैं।

**फ्लॉक्स :** फागुन के मौसम में गुच्छों में खिलकर ये फूल क्यारियों पर एक रंगीन चादर-सी बिछा देते हैं, जो आंखों को बहुत सुकून देते हैं।



**हॉलीहॉक :** बसंत आते ही लंबे तनों पर कतार में खिलने वाले इसके बड़े-बड़े फूल इन दिनों कृषि विवि के गार्डन की शोभा को कई गुना बढ़ा रहे हैं।



**कॉर्नफ्लॉवर :** फागुन के इस खुशनुमा मौसम में इसके गहरे नीले और गुलाबी रंग न सिर्फ लोगों को, बल्कि तितलियों को भी खूब लुभा रहे हैं।



**ग्लैडियोलस :** तलवार जैसी पत्तियों वाला यह फूल मुख्य रूप से बसंत और फागुन के मौसम में ही अपनी पूरी चमक के साथ खिलता है।



## सिटी इवेंट

## इतिहास में महिलाओं की बौद्धिक विरासत आने वाले समय के लिए मानक बनी



**एनआईटी में महिला दिवस समारोह का आयोजन**

**रायपुर।** एनआईटी में महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। यह सोमवार को संस्थान के सभागार में आयोजित हुआ। इसका आयोजन संस्थान के सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम्स द्वारा किया गया। इस समारोह का विषय द इंटेलेक्चुअल लेगेसी ऑफ वूमेन इन भारतीय ज्ञान परंपरा विथ स्पेशल रेफरेंस टू एंशिएंट इंडिया रखा गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा शामिल हुईं।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि वैदिक काल में महिलाओं को अपना जीवनसाथी चुनने का मूल अधिकार था और आठ प्रकार के वैध विवाह मान्यता प्राप्त थे। इस समय की विदूषियों, जैसे माता गार्गी ने ब्रह्म-ज्ञान में इतनी गहन समझ दिखाई कि उन्होंने याज्ञवल्क्य जैसे महर्षियों को भी चुनौती दी। गार्गी का मनु-गार्गी संवाद उपनिषदों के दर्शन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। गार्गी और अन्य महिला विद्वान समाज कल्याण के लिए तार्किक संवाद में सक्रिय रूप से भाग लेती थीं। ये उदाहरण यह दर्शाते हैं कि उस समय महिलाओं को आध्यात्मिक और बौद्धिक समानता प्राप्त थी और वे उच्चतम दार्शनिक विमर्श में सक्रिय भागीदार थीं। साथ ही उन्होंने आज की महिलाओं को वैदिककाल की नारी शक्तियों से सीख लेने और उनके बारे में पढ़ने पर प्रोत्साहित किया, ताकि हम आने वाली पीढ़ियों को भी उनकी जीवनी एवं योगदान के बारे में बता सकें।

***प्राचीनकाल में भी महिलाओं को शिक्षा का अधिकार :*** *ज्योति रमना राव ने कहा, यह दिन हमें याद दिलाता है कि हर दिन महिला दिवस है और हम अपनी उत्कृष्टता का हर दिन उत्सव मना सकते हैं। उन्होंने प्राचीन ग्रंथों में का उल्लेख करते हुए कहा कि उस काल में भी महिलाओं को शिक्षा का अधिकार था और उन्होंने उच्च पदों तक पहुंच हासिल की। इतिहास में महिलाओं ने महत्वपूर्ण बौद्धिक विरासत छोड़ी, जो आने वाले समय के लिए मानक बनी।*

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव रहे। इसके अलावा एनआईटी रायपुर की प्रोफेसर डॉ. अर्चना शर्मा, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की प्रोफेसर और डीन डॉ. शुभ्रता गुप्ता एवं ज्योति रमना राव को सम्माननीय वक्ताओं के रूप में आमंत्रित किया गया। इस दौरान डॉ. तोषण मीनपाल, डॉ. मधुकृष्णा प्रियदर्शिनी सहित फैकल्टी मेम्बर्स, स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## महिलाओं की स्कूटर रैली, दिखाई नारी शक्ति की झलक

**रायपुर।** सिंधु संस्कार सेवा समिति महिला विंग ने संत सांई सेहरांवाले एवं मांढर वाली माता के सानिध्य में 'भव्य महिला स्कूटर रैली' का आगाज करते हुए पूरे शहर को भक्ति और उत्साह से सराबोर कर दिया। विंग की अध्यक्ष डिंपल शर्मा के नेतृत्व में निकली इस विशाल रैली में 1500 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। लाल सांई के मधुर भजनों की धुन पर स्कूटर पर सवार मातृशक्ति का यह काफिला जहां से भी गुजरा, लोगों ने पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। सिंधी समाज के अनेक वरिष्ठ और सम्मानित सदस्यों ने भगवा झंडी दिखाकर इस रैली को रवाना किया।

### 10 लकी ड्रॉ निकाले विजेताओं का सम्मान

कार्यक्रम के समापन पर महिलाओं के उत्साह को और बढ़ाने के लिए विशेष रूप से 10 लकी ड्रॉ भी निकाले गए। भाग्यशाली मातृशक्ति को इन लकी ड्रॉ के माध्यम से पुरस्कृत किया गया, जिससे आयोजन में एक अलग ही उमंग और खुशी की लहर दौड़ गई। इस भव्य आयोजन में उत्साह बढ़ाने और झंडी दिखाने वालों में मुख्य रूप से अमर गिदवानी, अमर पारवानी, अमित चिमनानी, ललित जैसिंघ, देवानंद शर्मा, महेश दरयानी, सुनील कुकरेजा, जितेंद्र बड़वानी, महेश रोहरा, सुनील कुकरेजा (मंडल अध्यक्ष), लक्की कुकरेजा, अमित आहूजा, अशोक मखीजा, भारत रमानी, प्रहलाद शादीजा, सतीश छोगानी, अशोक पंजवानी, झामनदास बजाज, विक्की दुर्गा, विजय मथानी, संजय बलानी, कमल खिलवानी, आईडी. कलवानी और तनेश आहूजा आदि शामिल रहे।



### सिंधु पैलेस से शुरुआत निरंकारी भवन में समापन

रैली का आगाज बीटीआई ग्राउंड स्थित 'सिंधु पैलेस' से हुआ। जहां प्रारंभ में ही शंकरनगर और शांतिनगर पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा इसका आत्मीय स्वागत किया गया। इसके बाद जब यह विशाल रैली तेलीबांधा पहुंची तो वहां पूज्य सिंधी पंचायत रविग्राम के साथ युवा नेता अजीत कुकरेजा और आनंद कुकरेजा ने भव्य स्वागत किया। शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए जब मातृशक्ति कटोरा तालाब पहुंची, जहां पूज्य सिंधी पंचायत संत कंवरराम नगर द्वारा महिलाओं का उत्साहवर्धन किया गया। इसके पश्चात आकाशवाणी चौक पर छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत ने फूलों की वर्षा से स्वागत किया। अंततः यह रैली लाखेनगर स्थित निरंकारी भवन में पहुंचकर संपन्न हुई, जहां लाखेनगर पंचायत एवं चेट्रीचंड्र महोत्सव समिति, सिंधी समाज रायपुर द्वारा रैली का अत्यंत भव्य स्वागत और समापन किया गया।

## कॉर्नर न्यूज

### गर्मी के मौसम में बढ़ती डिमांड के मद्देनजर बड़े पैमाने पर तैयार किए जा रहे मिट्टी के घड़े

# न्यू जनरेशन के लिए कारीगरों ने बदला मेकिंग ट्रेंड, मिट्टी के डिजाइनर वाटर थर्मस और मटके की बढ़ी डिमांड

घर से लेकर दफ्तर तक गर्मी का मौसम आते ही ठंडे पानी से गले को तर करना सबकी जरूरत होती है। इस आधुनिक दौर में फ्रिज, वाटर कूलर के चलन के बीच ठंडे पानी के लिए पारंपरिक मिट्टी के बर्तनों के उपयोग का ट्रेंड बरकरार है। इस ट्रेंड को न्यू जनरेशन से जोड़ने कारीगर मिट्टी के बर्तनों की मेकिंग, डिजाइन और क्वालिटी में नवाचार कर रहे हैं।



**रायपुर।** अब पुराने पैटर्न के घड़े की जगह प्रिंटेड, डिजाइनर और अधिक मजबूती वाले घड़े, थर्मस मार्केट में लेकर आ रहे हैं। ये न्यू डिजाइनर मिट्टी के बर्तन अब नई जनरेशन की पसंद बन रहे हैं। कालीबाड़ी चौक पर मिट्टी के बर्तनों के स्टॉल लगाए व्यापारी विक्रम चक्रधारी ने बताया कि मिट्टी के बर्तनों में अभी डिजाइनर घड़े, थर्मस सबसे अधिक डिमांड में हैं। अब ऑफिस दफ्तर व कॉलेज-स्कूल वाले भी मिट्टी के थर्मस लेकर जा रहे हैं। मिट्टी के बर्तनों व डेकोरेटिव सामान के मेकिंग ट्रेंड को बदलने का फायदा यह हुआ है कि अब हर वर्ग के लोगों में मिट्टी के डिजाइनर बर्तन व होम डेकोरेटिव आयटम्स को लेकर रुझान बढ़ा है। शादी-विवाह से लेकर पारंपरिक तीज-त्योहारों सभी के लिए नए पैटर्न व डिजाइन में मिट्टी की सामग्री तैयार की जा रही है।

### मिट्टी से तैयार सामान की कीमतों में इजाफा

कुम्हारों का कहना है कि गर्मी के लिए तैयारी दो महीने पहले ही शुरू हो जाती है। मटका, वाटर थर्मस, सुराही निर्माण से जुड़े लोगों ने बताया कि मटके व मिट्टी के अन्य सामान तैयार करने की लागत हर साल बढ़ती ही जा रही है। मिट्टी, भूसा व लकड़ी के दामों में काफी बढ़ोतरी हुई है। इसका सीधा असर मिट्टी से तैयार सामान की कीमतों पर पड़ा है।



### मटके का पानी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी

कालीबाड़ी और पुरानी बस्ती के पास मटके व मिट्टी से बनी सामग्री के स्टॉल लगाने वाले व्यापरियों ने बताया कि शहर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण अंचलों से कुम्हारों से मटके और मिट्टी के बर्तन खरीदकर बेचते हैं। गर्मी के दिनों में मटके की कीमत 100 से 200 रुपए तक हो जाती है, पर आउट सीजन में इसे 50 से 80 रुपए के बीच बेचते हैं। शादी-विवाह, नवरात्रि के सीजन में भी इसकी डिमांड खूब रहती है। सूरज कुंभकार व बिमला बाई कुंभकार ने बताया कि शहर के कई लोग तो सालभर मटके का ही पानी पीते हैं, क्योंकि इनका मानना है कि स्वास्थ्य के लिहाज से मटके का पानी शरीर के लिए अनुकूल रहता है।

### डिमांड बढ़ने से अच्छी आमदनी का अनुमान

कारीगरों और विक्रेताओं का कहना है, गर्मी के तीन-चार महीने में थोड़ी-बहुत आमदनी हो जाती है। इस बार जिस तरह से ठंड पड़ी है, वैसे ही गर्मी भी पड़ने का अनुमान है। इसे देखते हुए बड़े पैमाने पर मटके, थर्मस तैयार किए गए हैं। गर्मी के सीजन में मटकों व वाटर थर्मस की मांग बढ़ गई है। मिट्टी के घड़े का पानी पीने के शौकीन लोग ही इसे खरीदने पहुंच रहे हैं।

सिटी लाइव

## स्टूडेंट्स ने एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में क्लासिकल मैकेनिक्स का उपयोग जाना



**रायपुर।** एनआईटी में डीएई-सीवी रमन व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। सोमवार को यह आयोजन भारतीय भौतिकी संघ के सहयोग से विकसित भारत अभियान के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव रहे। डॉ. राव ने अपने संबोधन में बताया कि भौतिकी एक मूलभूत विज्ञान है, जो प्रकृति के नियमों को समझने में मदद करता है। उन्होंने क्लासिकल मैकेनिक्स और न्यूटनियन फिजिक्स के बारे में बताया, जिनका उपयोग एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में किया जाता है। उन्होंने इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के महत्व को समझाया, जिसके सिद्धांतों से इलेक्ट्रिक मोटर, जनरेटर और माइक्रोचिप्स काम करते हैं। प्रोफेसर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, डॉ. अनामिका यादव ने कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की, साथ ही व्याख्यान श्रृंखला के बारे में बताया। कार्यक्रम में आईयूएसी नई दिल्ली के निदेशक प्रो. अविनाश चंद्र पांडे, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हिमाचल प्रदेश धर्मशाला के फिजिक्स एंड एस्ट्रोनॉमिकल विभाग के प्रो. ओ. एसकेएस शास्त्री और एनआईटी रायपुर की एएनआरएफ, प्रोफेसर डॉ. अर्चना शर्मा मुख्य वक्ताओं के रूप में उपस्थित रहीं।

### इलेक्ट्रोमैग्नेटिक पुश-पुल को समझाया

डॉ. अर्चना शर्मा ने अपने व्याख्यान में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम के बारे में जानकारी दी और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक पुश तथा पुल के विभिन्न अनुप्रयोगों को समझाया। उन्होंने मेडिकल इमेजिंग, फील्ड एमिशन, फोटो एमिशन और थर्मियोनिक एमिशन की अवधारणाओं को समझाते हुए पार्टिकल एक्सीलरेटर के कार्य करने के सिद्धांत बताए। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉन बीम वेल्डिंग और मेल्टिंग के फायदे और उनके औद्योगिक अनुप्रयोगों के बारे में भी चर्चा की। अंत में उन्होंने न्यूक्लियर फॉरेंसिक जांच, थेरानॉस्टिक टूल, कैंसर प्रबंधन, और औद्योगिक एक्सीलरेटर व्यवसाय में इसके महत्व को समझाया।

**रेडिएशन का मानव शरीर पर प्रभाव** : प्रो. पांडे ने अपने व्याख्यान में स्पेक्ट्रोमेट्री, आइसोटोप, हाफ-लाइफ और कॉस्मिक वेव्स एवं उनके अनुप्रयोगों के बारे में बताया, साथ ही रेडिएशन का मानव शरीर पर प्रभाव और उसके अवशिष्ट प्रभाव भी समझाए। उन्होंने रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी और ग्रैफीन सैंपल की रमन मैपिंग के बारे में चर्चा की। इसके अलावा क्वांटम मैकेनिक्स, सेमीकंडक्टर, आईआर डिटेक्टर, हीट डिसिपेशन और क्वांटम टनलिंग जैसे विषयों को भी समझाया।

● स्किन टाइप ऑयली या ड्राई के अनुसार नेचुरल, स्मोकी आइज और बोल्ड लिप्स जैसे लुक्स की मांग

# समर सीजन के शादी-फंक्शन में खूबसूरती से चार चांद लगाने महंगे वॉटरप्रूफ मेकअप गर्ल्स की पसंद

गर्मियों के मौसम में गर्ल्स मेकअप को लेकर काफी जागरूक रहती हैं। इसकी वजह वातावरण में अधिक तापमान व ह्युमिडिटी से मेकअप खराब होने की प्रॉव्लम से बचना होता है। इस मौसम में खूबसूरत दिखने के साथ-साथ चेहरे की स्कीन केयर को लेकर भी सतर्क रहना पड़ता है।





### स्किन विशेषज्ञ डॉक्टर्स की सलाह लें

ब्यूटी एक्सपर्ट नेहा अग्रवाल का कहना है कि चेहरे की स्किन काफी संसेटिव होती है। गर्मी के मौसम में प्रोफेशन ब्यूटी एक्सपर्ट के मार्गदर्शन में ही मेकअप का चुनाव करें और किसी भी तरह की सनबर्न या स्किन समस्या आए तो तुरंत ब्यूटी एंड स्किन विशेषज्ञ डॉक्टर्स का सलाह लेना न भूलें।



**रायपुर।** शहर की जानी-मानी ब्यूटिशियन साक्षी मखीजा के मुताबिक, समर सीजन में गर्ल्स आजकल मेकअप को लेकर बहुत जागरूक हैं और स्टेप-बाय-स्टेप तकनीक, जैसे कि प्राइमर, फाउंडेशन और स्किन टोन के हिसाब से सही प्रोडक्ट्स चुनने पर ध्यान दे रही हैं।

वे शादी, पार्टी या डेली यूज के लिए स्किन टाइप ऑयली या ड्राई के अनुसार मेकअप करना पसंद कर रही हैं। नेचुरल, स्मोकी आइज और बोल्ड लिप्स जैसे लुक्स के साथ-साथ महंगे वाटरप्रूफ मेकअप करा रही हैं, जिसमें वह फंक्शन में खूबसूरती से चार चांद लगा सके और पसीने आदि के चलते मेकअप खराब न हो, लंबे समय तक ग्लो बरकरार रहे।

चेहरे की ग्लो बरकरार रखने के लिए प्राइमर का उपयोग, वॉटरप्रूफ प्रोडक्ट्स और पाउडर से मेकअप सेट करना सबसे जरूरी है। सही स्किनकेयर और स्वेट-प्रूफ फाउंडेशन का चुनाव पसीने से बचाता है तथा फ्रेश लुक देता है।

### सही मेकअप प्रोडक्ट्स करें कैरी

स्वेट-प्रूफ फाउंडेशन गर्मियों में लिक्विड या स्टिक फाउंडेशन चुनें, जो लॉन्ग-लास्टिंग हों और पसीने में न बहे। पाउडर-बेस्ड प्रोडक्ट्स आईशैडो और फाउंडेशन को सेट करने के लिए पाउडर का उपयोग करें, क्योंकि यह पसीने को सोखता है और चमक बनाए रखता है। वॉटरप्रूफ मेकअप गर्मी में मस्कारा और आईलाइनर हमेशा वॉटरप्रूफ ही लगाएं, ताकि वे फैलें नहीं।

### ग्लो बरकरार रखने के तरीके

हाइलाइटर और सेटिंग स्प्रे, चेहरे के उच्च बिंदुओं पर हाइलाइटर लगाएं और मेकअप को सुरक्षित करने के लिए अंत में मेकअप फिक्सर या सेटिंग स्प्रे का उपयोग करें। यह मेकअप को लंबे समय तक ताजा रखता है। प्राकृतिक चमक भारी मेकअप से बचने के लिए ड्यूई लुक अपनाएं और खूब पानी पिएं, ताकि त्वचा अंदर से ग्लो करे।

### कम बजट पर पार्लर जैसा लुक

किफायती उपाय, जरूरी नहीं कि हमेशा महंगे पार्लर में ही जाएं। घर पर भी सही तकनीक, जैसे ब्यूटी ब्लेंडर का सही इस्तेमाल और अच्छे प्रोडक्ट्स के साथ पार्लर जैसा लुक पा सकती हैं। टच-अप, अपने साथ हमेशा एक कॉम्पैक्ट पाउडर रखें, ताकि दिन के दौरान जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त तेल को हटाकर मेकअप को दोबारा फ्रेश किया जा सके।

### एक्सपर्ट के कुछ खास ब्यूटी टिप्स

गर्मी में मेकअप को प्रभावी बनाए रखने यहां कुछ खास टिप्स दिए गए हैं। मेकअप से पहले स्किन प्रेपर क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइस्चराइजिंग मेकअप शुरू करने से पहले त्वचा को साफ करना, टोन करना और नमी देना जरूरी है। यह त्वचा को हाइड्रेटेड रखता है और मेकअप को फटने से रोकता है। मैटिफाइंग प्राइमर का इस्तेमाल करें। यह रोमछिद्रों को भरता है, अतिरिक्त तेल को नियंत्रित करता है और मेकअप को त्वचा पर लंबे समय तक टिकाए रखने के लिए एक बेस बनाता है।

लाइव इवेंट

## छग देसहा गड़रिया समाज का महाधिवेशन संपन्न



**रायपुर।** महादेवघाट में देसहा गड़रिया (पाल) समाज का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सम्मेलन में रायपुर संभाग बिलासपुर संभाग के पदाधिकारी सजातीय भाई-बंधु, माता-बहनें बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नवनिवार्चित पद अध्यक्ष रामधीन पाल, सचिव राजू पाल एवं कोषाध्यक्ष हेमंत पाल को चुना गया। निर्वाचन एवं समाज विकास के कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। हंसा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सर्व गडरिया समाज महासंघ ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई, शुभकामनाएं देते हुए समाज विकास के गतिविधियों को आगे बढ़ने सकारात्मक प्रोत्साहन देते हुए विचार व्यक्त किए। साथ ही सर्व गड़रिया संगठन को और मजबूत करने के लिए संभागीय स्तर पर विस्तृत चर्चा की गई।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मिलन धनकर प्रदेश अध्यक्ष झेरिया गड़रिया समाज,आशीष धनगर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ढेंगर गड़रिया समाज, गोविंद धनगर प्रदेश अध्यक्ष झाड़े गड़रिया समाज, अभिमन्यु धनगर प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रदेश ढेंगर गड़रिया समाज, वीरेंद्र धनगर, संजय धनगर, मिलन पाल, पूर्णेन्दु पाल महासचिव सर्व गडरिया समाज महासंघ एवं समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# स्कूल की वार्षिक गतिविधियों में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, नवाजे गए विद्यार्थी

**रायपुर।** वीर छत्रपति शिवाजी स्कूल, पुरानी बस्ती व प्रोफेसर कॉलोनी का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम में स्कूल संचालक मुकेश शाह, प्राचार्या नफीसा रंगवाला व रशीदा फजली ने बच्चों को पुरस्कृत किया। स्कूल में वर्षभर आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। हर क्षेत्र में अपनी बेहतरीन भागीदारी व सक्रियता के लिए सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी चुने जाते है। इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार आर्य कुमार देवांगन, रितिका कश्यप, क्रितेश छाबड़ा, त्रिशाला लक्केवार, व सृष्टि अवधिया को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ अनुशासित विद्यार्थी के रूप में पूर्वी देवांगन, हर्षिता सोनी, अभिषेक प्रजापति, वंदना बाघमार, व विप्र कुर्रे को पुरस्कृत किया गया। वर्षभर के कार्यक्रमों में उल्लेखनीय सक्रियता के लिए सर्वाधिक सक्रिय विद्यार्थी का पुरस्कार अदिति ताम्रकार, निव्या पाल, पूर्णिमा लिल्हारे, मिथिलेश व्यास व विनायक दीप को प्रदान किया गया। बेस्ट हाउस कैप्टन के रूप में पूनम सोनकर, रुचि सोनी येलो हाउस, प्रतिभा ठाकुर, शिक्षा विश्वकर्मा ग्रीन हाउस, सागर सोनी, राजवीर सिंह ठाकुर येलो हाउस एवं मोहित कुमार यादव, दक्ष दुबे ग्रीन हाउस को अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया।




### शैक्षणिक आयोजन संचालन की बनी कमेटी

शाला में समय-समय पर विभिन्न व्यवस्थाओं व शैक्षणिक आयोजन के संचालन के लिए विभिन्न कमेटियां बनाई गई हैं। प्रतिवर्ष अलग-अलग विभागवार विद्यार्थियों के बीच से उनकी नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए छात्र-छात्रा प्रमुख बनाए जाते हैं। वर्ष 2025-26 में विद्यार्थियों का नेतृत्व करने वाले त्रिशाला लक्केवार, प्रिंसी डेंगवानी, अनंत श्रीवास्तव, सजल साहू, हेमांशु सोनी को भी सम्मानित किया गया।

### ऐसे विद्यार्थी, जो एक भी दिन नहीं रहे अनुपस्थित

कार्यक्रम में सौ से ज्यादा उन विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने इस वर्ष स्कूल में एक भी दिन छुट्टी नहीं ली और वर्षभर उपस्थित रहे। इन विद्यार्थियों में सक्षम साहू, संजोग कुमार, चेतन सोनकर, फिरोज साहू, श्रीजा सेन, डिंपल भोजवानी, श्रेयांश पटवा, पार्थ पटले, हर्षित पटेल, हिमांशु सोनी, सक्षम सोनकर, आरोही बेरा, भावी सोनपिपरे, रुचि मंधानी आदि शामिल हैं।

## अग्रवाल समाज की बनी नई कार्यकारिणी, शपथ ग्रहण में कलाकारों की प्रस्तुतियों में झूमे लोग



**रायपुर।** अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन भवन दुर्ग में नवगठित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह और होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ, महिलाएं और युवा सहित बड़ी संख्या में समाजिक जन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर होली धमाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुतियों एवं संगीत के साथ समाजिकजनों ने फूलों की होली खेलकर आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाजजन इस रंगारंग आयोजन का भरपूर आनंद लेते नजर आए।इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग की महापौर अल्का बाघमार, नगर पंचायत थान खम्हरिया अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल, विजय अग्रवाल, कमल नारायण रूंगटा, महेंद्र सेक्सरिया, बिमल सेक्सरिया, संजय रूंगटा, खुर्सीपार अग्रवाल समाज अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, महासचिव रतनलाल अग्रवाल और अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन से रूही अग्रवाल उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा महाराजा अग्रसेन के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। पूर्व अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल द्वारा सुझाव दिया। कार्यक्रम के संचालक मनोज अग्रवाल ने किया। इसके पश्चात संरक्षक सुधीर अग्रवाल और कैलाश रूंगटा की उपस्थिति में अग्रवाल समाज दुर्ग के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, महिला मंडल अध्यक्ष सरिता अग्रवाल और युवा मंडल अध्यक्ष हिमांशु अग्रवाल ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को विधिवत पदभार सौंपा।

सिटी इवेंट

## स्वर्ण जयंती पर बेटियों को जागरूक करेगा कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज

**रायपुर।** श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज (महिला मंडल) अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर एक अनूठा आयोजन करने जा रहा है। अपनी स्वर्ण जयंती को यादगार बनाने और समाज की बेटियों को वर्तमान सामाजिक चुनौतियों के प्रति जागरूक करने के लिए महिला मंडल द्वारा कल, 11 मार्च को फिल्म 'केरल स्टोरी-2' का विशेष चैरिटी शो आयोजित किया गया है। महापौरमुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

### विशेष अतिथियों की उपस्थिति

कार्यक्रम की अध्यक्षता वेलूबेन चावड़ा करेंगी। इस अवसर पर नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति सूर्यकांत राठौड़ और एमआईसी सदस्य महेंद्र खोड़ियार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर समाज का उत्साहवर्धन करेंगे।

### सुरक्षा के प्रति सचेत करना अनिवार्य

वे न केवल कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगी, बल्कि सिनेमा हॉल में समाज की बेटियों के साथ बैठकर फिल्म भी देखेंगी और उनसे संवाद करेंगी। महिला मंडल की अध्यक्ष मनीषा बेन सोलंकी ने बताया कि 50 साल का यह सफर समाज की महिलाओं की एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बेटियों को सामाजिक विषयों और सुरक्षा के प्रति सचेत करना अनिवार्य है।

पंजीयन जारी, निशुल्क बांटी जाएंगी 10 हजार मूर्तियां

कार्नर न्यूज

# भगवान झूलेलाल उत्सव की तैयारियों में जुटे सिंधुजन, घर-घर विराजेंगे वरुण अवतार

***रायपुर।*** *सिंधु एकता संघ, सिंधी समाज रायपुर द्वारा झूलेलाल उत्सव की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। गणेशोत्सव की तर्ज पर इस बार भी घर-घर में भगवान झूलेलाल की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। संघ के संस्थापक सुभाष बजाज, कार्यक्रम संयोजक महेश मोटवानी और अध्यक्ष चंद्रकुमार माखीजा ने बताया कि संत लालदासजी की प्रेरणा और संत युधिष्ठिरलाल व माता साहेब मीरादेवी के आशीर्वाद से लगातार 14वें वर्ष यह उत्सव मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत 16 मार्च को घर-घर में भगवान झूलेलाल की मूर्ति स्थापित की जाएगी। पांच दिन की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद चेट्रीचंड के दूसरे दिन 21 मार्च को विसर्जन किया जाएगा।*

### संस्कृति से युवाओं को जोड़ना उद्देश्य

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सिंधी संस्कृति व धर्म का प्रचार करना, समाज के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना और सामाजिक एकता स्थापित करना है। संघ का मानना है कि यह केवल सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक जागरूकता से ही संभव है, जिसके लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं।



### रायपुर में यहां पंजीयन

**लाखेनगर:** भारत चंदवानी, सुनील रामवानी
**पंडरी-देवेंद्र नगर:** चंदू माखीजा
**तेलीबांधा:** कपिल उदासी
**नर्मदापारा:** संतोष डोडानी
**संत कंवरराम नगर (कटोरा तालाब):** अप्पू वाडिया, रिक्की जुड़ानी व प्रदीप सिंहानी
**श्रीनगर:** विनोद शितलानी
**फाफाडीह:** नरेश भोजवानी
**कटोरा तालाब:** विजय लहरवानी
**डीडीनगर:** सुधीर रामानी

### 5 हजार मूर्तियों का हो चुका है पंजीयन

पूरे छत्तीसगढ़ में झूलेलाल उत्सव को लेकर समाजजनों में भारी उत्साह है और मूर्ति निर्माण कार्य निरंतर जारी है। रायपुर शहर के साथ-साथ छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के शहरों में भी संघ द्वारा साईं लालदासजी से जुड़ी स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से मूर्तियां निशुल्क भेजी जा रही हैं। संघ की प्रेरणा से कई शहरों में मूर्तियां बनवाई जा रही हैं। पूरे प्रदेश में अब तक 5 हजार मूर्तियों का पंजीयन हो चुका है और लगभग 10 हजार मूर्तियां वितरित की जाएंगी। मूर्तियां 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर दी जाएंगी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एसपीएसबी इंटर स्टील टेनिस टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले



**भिलाई।** सिविक सेंटर स्थित अंतरराष्ट्रीय टेनिस स्टेडियम में जारी एसपीएसबी इंटर स्टील टेनिस टूर्नामेंट में लीग मैचों के दौरान मंगलवार को रोमांचक मुकाबले हुए । पहले लीग मैच टाटा और आरएसपी के मध्य हुआ। जिसमें टाटा के जयंत ने आरएसपी के सुशांत कुमार को 8-0 से हराया। दूसरे सिंगल मैच में टाटा के विजय ने आर स पी के सत्यनारायण को 8-4 से हराया और खेले गए डबल्स मैच में टाटा के जयंत और रंजय की जोड़ी ने आरएसपी के देवाशीष और सत्यनारायण की जोड़ी को 8-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरा लीग मैच बीएसपी और वीआईएसल के मध्य हुआ जिसमें वीआईएसल के अरविंद ने बीएसपी के तुषार कांत को 8-2 हराया। दूसरे एकल मैच में वीआईएसल के सीता राम ने बीएसपी के कमल किशोर को टाइप ब्रेक में 8-7,7-2 से हराया और खेले गए डबल्स मैच में वीआईएसल के अरविंद और सीताराम की जोड़ी ने बीएसपी के कमल किशोर और अमित माथुर की जोड़ी को 8-2 से हराया। इस प्रकार वीआईएसल की टीम दूसरी सेमी फाइनलिस्ट टीम हुई। मंगलवार को खेले गए तीसरे लीग मैच में डीएसपी के दीपक ने आर आई एन एल के देवानंद को 8-4 से और आर आई एन एल के एस अविनाश ने डीएसपी के संजय सरकार को 8-6 से हराया । डबल्स मैच में आर आई एन एल के श्रीहर और एस अविनाश की जोड़ी ने डीएसपी के संजय सरकार और एस दीपक की जोड़ी को 8-5 से हराकर आरआईएनएल की टीम सेमी फाइनल में प्रवेश किया। शाम 4:00 बजे टाटा और आर आई एन एल तथा आईएसपी और वीआई एस एल के मध्य सेमीफाइनल मैच हुआ।

### तुषार के नॉट आउट 113 और सुंदरम के 65 रन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे राउंड के चौथे एवं अंतिम दिन शानदार मुकाबले हुए। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में बीएसपी के विरुद्ध बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड ने अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 84 रन से आगे खेलते हुए दो विकेट पर 241 रन बनाकर यह मैच 8 विकेट से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किए। तुषार चंद्राकर ने नॉट आउट 113 रन एवं श्रीयम सुंदरम ने नॉट आउट 65 रन बनाएं। गेंदबाजी बीएसपी भविष्य थपियाल एवं कार्तिक नायडू ने एक-एक विकेट लिए। चौथे राउंड के मैच 12 मार्च गुरुवार से खेले जाएंगे।

### भिलाई वॉरियर्स के विरुद्ध ओजी -11 की 6 विकेट से जीत



**भिलाई।** बीएसपी प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन भिलाई मजदूर संघ एवं बीपीएल कमेटी की ओर से संयुक्त रूप से किया जा रहा है। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में पहले मैच में भिलाई वॉरियर्स के विरुद्ध ओजी -11 ने 6 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में भिलाई वारियर्स ने 10 ओवर में 8 विकेट पर 82 रन बनाए। इशांत पटेल 25 रन, सुधाकर ने 13 एवं सुरेश कुमार ने 10 रन बनाए। गेंदबाजी में ओजी 11 के मधु इक्का एवं अजय ने दो-दो विकेट लिए। एस मैथ्यू एवं श्रीनिवास ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में ओजी- 11 ने 7.25 ओवर में चार विकेट पर 83 रन बनाए। हिमांशु ने नॉट आउट 65 रन बनाए। गेंदबाजी में डकिन ने दो विकेट एवं सुरेश एवं एस मलिक ने एक-एक विकेट लिए। प्लेयर ऑफ द मैच हिमांशु रहे। दूसरा मैच भिलाई बॉयज विरुद्ध आयरन पैंथर्स के मध्य खेला गया। भिलाई बॉयस ने 12 रन से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच विनय रहे। बल्लेबाजी में भिलाई बॉयज ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 88 रन बनाए। विनय ने नॉट आउट 44 रन बनाए। श्रीनिवास राव ने 16 रन एवं प्रशांत ने 10 रन बनाए। गेंदबाजी में आयरन पैंथर्स के नीरज सूरज एवं नायक ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजीमें आयरन पैंथर्स ने 10 ओवर में 7 विकेट पर 76 रन बनाए। अश्विनी ने 28 रन एवं सूरज ने 17 रन बनाएं। गेंदबाजी में भिलाई बॉयज के तपन चौरे ने हैट्रिक के साथ तीन विकेट लिए। वहीं विनय ने दो तथा अभिषेक सिंह एवं राजीव रंजन ने एक-एक विकेट लिए। मैच के अंपायर हरिशंकर यादव ,विरेंद्र, भानु, हिमांशु एवं बिमलेश स्कोरर विनोद देवघरे, महेंद्र , भीम मीणा एवं कुलदीप कॉमेंटेटर गौरव थे।

### खुद से इलाज के लिए आने में कतराते हैं लोग, तेजी से बढ़े हैं ऐसे मामले

# मानसिक विकार को 'पागलपन' मानना सबसे बड़ी गलती, झिझक छोड़ करें उपचार की पहल

मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के मामले पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ते हुए देखे गए हैं, विशेषतौर पर कोरोना महामारी के बाद से इसकी दर में और भी बढ़ोतरी आई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, यह बड़े खतरे के रूप में उभरती समस्या है, जिसके बारे में सभी लोगों को जागरूक होना जरूरी है। मानसिक स्वास्थ्य की समस्या के कारण शारीरिक स्वास्थ्य का जोखिम भी बढ़ जाता है। दुर्भाग्यवश भारत में अब भी मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों में कलंक की भाव के कारण ज्यादातर लोगों में इसका समय रहते निदान नहीं हो पाता है।

देश में बढ़ते मानसिक रोगों के खतरे को लेकर हाल ही में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) जयपुर के अध्ययनकर्ताओं ने एक चौंकाने वाली रिपोर्ट प्रस्तुत की है। इसमें कहा गया है कि भारत में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए स्व-रिपोर्टिंग दर काफी कम है। इसका मतलब है कि लोगों को इसके लक्षणों को पहचानने और खुद से निदान-इलाज के लिए जाने की दर कम है, जोकि निश्चित ही चिंताजनक है।

मानसिक बीमारियों की सेल्फ-रिपोर्टिंग की दर कम

नेशनल सैंपल सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में मानसिक



बीमारियों की सेल्फ-रिपोर्टिंग की दर एक प्रतिशत से भी कम है। 555,115 प्रतिभागियों (325,232 ग्रामीण और 229,232 शहरी) पर किए गए शोध में पता चला कि भारत में अमीर आबादी की तुलना में कमजोर वर्ग के लोग मानसिक समस्याओं के इलाज के लिए खुद से नहीं जाते हैं।

शोधकर्ताओं ने बताया, भारत में मानसिक विकारों की सेल्फ-रिपोर्टिंग में कमी से पता चलता है कि मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों की पहचान करने और उनका निदान-उपचार प्राप्त करने में बड़ा अंतर है।

### खुद से इलाज के लिए सामने न आने के पीछे कई कारण

अध्ययन में पाया गया कि मानसिक विकारों की प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लागत आर्थिक स्थिति को खराब कर सकती है। दिलचस्प बात यह है कि मानसिक विकारों के कारण अस्पताल में भर्ती होने वाले केवल 23 प्रतिशत व्यक्तियों के पास राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य बीमा कवरेज था। लोगों का अस्पतालों में न जाने या खुद से इलाज के लिए सामने न आने का एक कारण मानसिक स्वास्थ्य उपचार पर होने वाला मोटा खर्च भी माना जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया, शोध का निष्कर्ष मानसिक विकारों के बोझ को कम करने के लिए रणनीति तैयार



करते समय स्थानीय, सामाजिक-जनसांख्यिकीय संदर्भ को समझने के महत्व पर जोर देता है।

### क्या कहते हैं मनोचिकित्सक?

भोपाल स्थित वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ सत्यकांत त्रिवेदी कहते हैं, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की सेल्फ रिपोर्टिंग में कमी के लिए स्टिग्मा को प्रमुख कारक माना जा सकता है। पिछले कुछ वर्षों में लोगों में मेंटल हेल्थ को लेकर जागरूकता काफी बढ़ी है, फिर भी कलंक का भाव



बड़ी संख्या में लोगों को मदद प्राप्त करने से रोकती है। डॉक्टर कहते हैं, ज्यादातर लोगों में ट्रीटमेंट गैप (समस्या शुरू होने से लेकर पहली बार डॉक्टर से मिलने तक का समय) दो से तीन साल का देखा जा रहा है। इस दिशा में विशेष सुधार की आवश्यकता है क्योंकि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सीधा असर क्वालिटी ऑफ लाइफ पर होता है। समय पर रोग की पहचान और इलाज होने से समस्या में सुधार करने में मदद मिल सकती है।

### मेंटल हेल्थ को 'हेल्थ' का हिस्सा मानना होगा

डॉक्टर सत्यकांत कहते हैं, मेंटल हेल्थ, देश में हेल्थ का हिस्सा ही नहीं माना जाता है। इसके अलावा सोशल स्किल्स भी हमारे ट्रेनिंग का हिस्सा नहीं है। यह भी लोगों को समय पर डॉक्टर तक पहुंचने से रोकती है। जब तक हम मानसिक स्वास्थ्य की जरूरतों के बारे में नहीं समझेंगे, इसके इलाज के लिए लोगों का खुद से सामने आना कठिन है।

## फड़क रही आंख तो अपशकुन नहीं, शरीर में हो सकती है इनकी कमी

आंखों के फड़कने को लोग अक्सर शकुन और अपशकुन से जोड़ते हैं। लेकिन अगर इसे सेहत के लिहाज से समझा जाए तो यह शरीर में जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी की ओर इशारा करती है।

### आंख फड़कने का कारण

आंख फड़कने को शकुन-अपशकुन से जोड़ने के बजाय इसे साइंस के आधार पर समझें। एक्सपर्ट के मुताबिक, शरीर में पानी की कमी इसका एक कारण हो सकती है। इसके अलावा आंखों का सूखापन भी इसके लिए जिम्मेदार हो सकता है। मैग्नीशियम, कैल्शियम, पोटेशियम, विटामिन बी 12 और विटामिन डी की कमी भी इसकी वजह हो सकती है।

**आंख फड़कने से बचने के लिए डाइट में शामिल करें ये जरूरी न्यूट्रिएंट्स-** अगर आपकी आंख अक्सर फड़कती है, तो शरीर में पानी की कमी न होने दें। साथ ही, आंखों को भी ड्राई न रखें। विटामिन-डी (विटामिन-डी की कमी कैसे दूर करें), ब्रेन के मैसेज को मसल्स तक पहुंचाने में नर्व सेल्स की मदद करता



है। इसकी कमी होने पर दूध और डेयरी प्रोडक्ट्स को डाइट में शामिल करें। इसके अलावा सूरज की रोशनी में बैठें। मैग्नीशियम नर्व और मसल्स फंक्शन को रेगुलेट करने में मदद करता है। हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत अनाज, नट्स और सीड्स मैग्नीशियम का अच्छा सोर्स है। कैल्शियम नर्व ट्रांसमिशन और मसल्स के सही तरह से काम करने के लिए जरूरी होता है।

## मंदिर से लौटते भूलकर भी न करें ये गलतियां

लगभग सभी पूजा में एक नियम होता है, लेकिन पूजा करते वक्त कई बार व्यक्ति से जाने-अनजाने में ऐसी गलतियां हो जाती है। जिससे व्यक्ति को समस्यओं का भी सामना करना पड़ जाता है। अब ऐसे में पूजा से संबंधित बातों के बारे में जानना बेहद जरूरी है।



### मंदिर में जल का लोटा ले जाते समय रखें इन बातों का ध्यान

जब भी मंदिर में पूजा करने जा रहे हैं, तो इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए कि जल से भरा लोटा अपने साथ जरूर लेकर जाना चाहिए। साथ ही मंदिर में स्थित पीपल के पेड़ में भी जल अर्पित करना चाहिए, लेकिन इस बात का खास ध्यान रखें कि जल में कुछ दानें चावल के भी होने चाहिए और चावल (चावल के उपाय) कभी खंडित नहीं होने चाहिए। इससे अशुभ परिणाम मिल सकता है। इसलिए इस बात का खास ध्यान रखें।

### कभी खाली लोटा घर लेकर न जाएं

मंदिर में जल अर्पित करने के बाद गलती से भी घर खाली लोटा लेकर नहीं जाना चाहिए। इससे घर की तरक्की रुक सकती है। इसलिए जल अर्पित करने के बाद थोड़ा सा जल लोटे में अवश्य बचाकर रखें। यदि सारा जल अर्पित कर दिए हैं, तो मंदिर में मौजूद नल से लोटे में थोड़ा सा जल जरूर भर लें। इसके बाद घर वापस आकर मुख्य द्वार पर दोनों कोने में जल डालें, फिर पूरे घर में उस जल की छीटें मारें।

वास्तु शास्त्र के अनुसार ऐसा कहा जाता है कि इसे करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सकता है और व्यक्ति के सभी बिगड़े काम बनने लग जाते हैं। वास्तु के अनुसार जल के लोटे से जुड़े इस नियम का पालन नहीं करता है, उसे आर्थिक तंगी का भी सामना करना पड़ सकता है। इसलिए इन बातों का खास ध्यान रखें।



## रहना है अधिक फोकस्ड, तो अपनाएं ये ईटिंग हैबिट्स

किसी भी काम को करने के लिए पूरा फोकस होना बेहद जरूरी होता है। हालांकि, अक्सर लोग बार-बार ध्यान भटकने की शिकायत करते हैं। ऐसे में अब आपको अपनी ईटिंग हैबिट्स पर भी ध्यान देना चाहिए। क्या आपको अपने काम पर फोकस करने में परेशानी होती है? क्या कोई भी काम करते हुए आपका मन भटकता है? क्या काम करते हुए भी आप अन्य कई चीजों के बारे में सोचते हैं? क्या आपको ऐसा लगता है कि अब आप चीजें भूलने लगे हैं? अगर इन सभी सवालों के जवाब हां हैं तो इसका मतलब है कि कहीं ना कहीं आपकी ब्रेन पावर कमजोर हो रही है।

ऐसे में जरूरी होता है कि अब आप अपने फूड और ईटिंग हैबिट्स पर ध्यान दें। खाना सिर्फ आपके शरीर ही नहीं, बल्कि दिमाग को भी पोषित करता है। इसलिए, आप जो भी खाते हैं, आपका शरीर व दिमाग उसी तरह काम करता है। ऐसे में जब आप अपनी ईटिंग हैबिट्स को हेल्दी बनाते हैं तो इससे आपको अधिक फोकस रहने में मदद मिलती है। तो चलिए आज इस लेख में सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन रितु पुरी आपको कुछ ऐसी ही ईटिंग हैबिट्स के बारे में बता रही हैं, जो आपको अधिक फोकस रहने में मदद करेंगी-

### लें बैलेंस्ड डाइट



अगर आप सच में चाहते हैं कि आप माइंड बेहतर तरीके से काम करे और आप अपने काम में अधिक फोकस हों तो आपको बैलेंस डाइट लेना शुरू कर देना चाहिए। इसमें कई तरह के फल, सब्जियों, साबुत अनाज, लीन प्रोटीन और हेल्दी फैट्स को शामिल किया जाता है। इनमें ओमेगा-3 फैटी एसिड से लेकर एंटी-ऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनरल्स आदि शामिल होते हैं, जो ब्रेन फंक्शनिंग को बेहतर बनाते हैं।

### लें रेग्युलर मील्स

अगर आपको मील स्किप करने की आदत है या फिर आप समय से अपना मील नहीं लेते हैं तो अपनी इस आदत को आज ही बदलें। आप दिन भर में छोटे-छोटे मील्स लें। इससे आपको ब्लड शुगर लेवल को स्टेबलाइज करने में मदद मिलती है। ऐसे में आपको एनर्जी क्रैश की शिकायत नहीं होती है और खुद को अधिक फोकस महसूस करते हैं। मील स्किप करने या फिर बहुत देर तक बिना खाए रहने से चिड़चिड़ापन, थकान के साथ-साथ फोकस रहने में भी परेशानी हो सकती है।

### रहें हाइड्रेटेड

अगर आप अपने ब्रेन फंक्शनिंग को बेहतर बनाए रखना चाहते हैं तो ऐसे में आपको अपने आहार के साथ-साथ हाइड्रेशन का ख्याल भी रखना चाहिए। हालांकि, अधिकतर लोग इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। जब आपका शरीर डिहाइड्रेटेड होता है तो इससे कॉग्निटिव परफार्मेंस पर भी नेगेटिव असर पड़ता है। जिससे आपको अपने काम में ध्यान लगाने में समस्या हो सकती है। इसलिए, खुद को हाइड्रेटेड रखने की कोशिश करें और दिनभर में कम से कम 8-10 गिलास पानी अवश्य पीएं।

### कम लें शुगरी फूड्स

अगर आपको मीठा खाना बेहद ही पसंद है तो अब आपको अपनी इस आदत को बदलने की जरूरत है। आप फलों से मिलने वाली नेचुरल शुगर ले सकते हैं। लेकिन आर्टिफिशियल शुगर व शुगरी कार्बोनेटेड ड्रिंक्स से आपको बचना चाहिए।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाईंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस
93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

GST रजिस्ट्रेशन नंबर बनवाएं मात्र 500/- में
2 साल पुरानी ITR फाईल बनवाएं मात्र 2000/- में
CMA DATA | प्रोजेक्ट रिपोर्ट | FOOD लाइसेंस | UDYAM-MSME | TDS रिफंड | Whatsapp पर बनवाएं
C-74 Sector 1, Devendra Nagar, Near Jubesta Hospital
Beside Adarsh School, Pandri, Raipur
संपर्क : शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

दुकान एक कुलर अनेक
कूलर हाउस
Manga बिना आवाज कूलर 7 स्पीड BLDC
आकाश जैन - 98261-64650,
रतन जैन - 98271-29211
सिटी कोतवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
डक्टिंग कूलर, हॉल, वर्कशॉप, लॉन, मैरिज हॉल, किराया भंडार के लिये

A VENUE THAT FEEDS
Dreams and Delights to Your Guests
22 Rooms Fully Loaded with Modern Amenities
Deluxe Rooms - 11
Executive Balcony - 11
A PLACE THAT Compliments Your Events!
In-House Catering
In-House Decor
Pure Veg Restaurant (by india's best chef)
Banquet Hall Cap : 50 - 250 Person
Ample Number of Car Parking Space (150+ Car Park at a Time)
BANQUET HALL ROOMS CAFE & RESTAURANT BOARD ROOM
SHREEJI INN HOTEL
Restaurant-Banquet Hall
WE ORAGANISE : Marriage Functions,Corporate Events, Birthday Party, Kitty Party & More...
BOOKING NOW +91 93297 44444
Ring Road - 1, Infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur (C.G.)

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 5000 करोड़ की कमाई करने वाली ब्रैड पिट की फिल्म का बनेगा सीक्वल



हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता ब्रैड पिट की फिल्मों को लेकर भारत में भी जबरदस्त क्रेज नजर आता है। अब खबर आ रही है कि पिट की एक ब्लॉकबस्टर फिल्म का दूसरा पार्ट आने वाला है, जिस पर मेकर्स ने मुहर लगा दी है। हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेताओं के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें ब्रैड पिट का नाम भी शामिल रहता है। अपने एक्टिंग करियर में बुलेट ट्रेन, मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ और वॉर मशीन जैसी कई सफल फिल्में देने वाले ब्रैड पिट की अगली मूवी को लेकर इस वक्त अहम खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि हॉलीवुड सुपरस्टार की जिस फिल्म ने दुनियाभर में 5 हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया, अब उसका दूसरा पार्ट बनने जा रहा है। हाल ही में मेकर्स ने इसकी आधिकारिक पुष्टि की है।

### टॉलीवुड

## 'चिरिकी चिरिकी' के 200+ मिलियन व्यूज के बाद 'पेड्डी' का दूसरा गाना 'रई रई रा रा'

राम चरण और जाह्नवी कपूर की अपकमिंग फिल्म 'पेड्डी' के पहले गाने 'चिरिकी चिरिकी' के 200+ मिलियन व्यूज पार करने के बाद मेकर्स ने दूसरा धमाका कर दिया है। राम चरण का जोश से भरा दूसरा सिंगल 'रई रई रा रा' अब तहलका मचा रहा है।



राम चरण और जाह्नवी कपूर की अपकमिंग फिल्म 'पेड्डी' का दूसरा गाना तहलका मचाने आ गया है। इस फिल्म के पहले गाने 'चिकिरी चिकिरी' के 200 मिलियन से ज्यादा व्यूज पार (अलग-अलग भाषाओं में) करने के बाद, मेकर्स ने अब जोश से भरा दूसरा सिंगल 'रई रई रा रा' रिलीज कर दिया है। राम चरण के अलावा जगपति बाबू स्टारर ये फिल्म 'पेड्डी' 2026 की सबसे चर्चित और मोस्ट-अवेटेड फिल्मों में से एक मानी जा रही है। डायरेक्टर बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में जाह्नवी कपूर भी राम चरण के साथ नजर आएंगी। इस को लेकर शुरुआत से ही जबरदस्त बज और एक्साइटमेंट बना हुआ है।




सूट का ट्रेंड

"सूट अब पहले जैसे नहीं रहे, और यह अच्छी बात है। सादे कपड़े पहनना, घर से काम करना, आराम पसंद करना और बोल्ड स्टाइल ने सूट पहनने का मतलब ही बदल दिया है। सैविल रो के साथ, सूटिंग में पारंपरिकता अभी भी शादी के दिनों और अंतिम संस्कार के लिए काम करती है। और अकाउंटेंट के लिए भी। बाकी सब चीज़ों के लिए, कुछ नए आइडिया का स्वागत करने का समय आ गया है।

# काले घेरे और थकी हुई आंखों को मिलेगी ठंडक

काले घेरे और थकी-बुझी से आंखें क्या आपको भी बीमार-सा फील करवाती हैं? स्ट्रेस और नींद न पूरी होने के कारण आपकी आंखों के आसपास पफीनेस हो जाती है। आप घर पर ही नेचुरल नरिशिंग कूलिंग मास्क बना सकते हैं और इसे अपने आंखों पर लगाकर आंखों की थकान और काले घेरे से छुटकारा पा सकते हैं।



### गुलकंद और ठंडे दूध का आई मास्क

गुलकंद सिर्फ खाने के लिए ही नहीं, बल्कि त्वचा को ठंडक पहुंचाने के लिए भी बेहतरीन होता है। यह आंखों की जलन और थकान को दूर करने में मदद करता है। दूध में मौजूद लैक्टिक एसिड त्वचा को हल्का करता है और डार्क सर्कल्स कम करता है।

**कैसे बनाएं:** एक चम्मच गुलकंद को 2 चम्मच ठंडे दूध में मिलाएं। इसमें कॉटन पैड भिगोकर आंखों पर रखें। 15-20 मिनट बाद ठंडे पानी से धो लें।

### गाजर और नारियल पानी का आई मास्क

गाजर में मौजूद विटामिन-ए और एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को पोषण देते हैं, जबकि नारियल पानी त्वचा को ठंडक और नमी प्रदान करता है।

**कैसे बनाएं:** गाजर को कद्दूकस करें और उसमें 2 चम्मच नारियल पानी मिलाएं। इस मिश्रण को ठंडा करके आंखों पर रखें। 15 मिनट बाद ठंडे पानी से धो लें।

### तुलसी और शहद का आई मास्क

तुलसी में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो आंखों की जलन को कम करने में मदद करते हैं, जबकि शहद त्वचा को नरिश करता है।

**कैसे बनाएं:** कुछ तुलसी के पत्तों को पीसकर उसमें 1 चम्मच शहद मिलाएं। इसे हल्का ठंडा करके आंखों के नीचे लगाएं। 10-15 मिनट बाद धो लें।

### केसर और ठंडे दूध का आई मास्क

केसर अपनी एंटीऑक्सीडेंट और स्किन ब्राइटनिंग प्रॉपर्टीज के लिए जाना जाता है। जब इसे ठंडे दूध के साथ मिलाया जाता है, तो यह आंखों को गहराई से पोषण देता है और डार्क सर्कल्स को हल्का करने में मदद करता है।

## ऑफिस में है त्यौहार का माहौल, तो ट्राई करें लाइट कलर के कुर्ता प्लाजो सेट





अक्सर ऐसा होता है कि कुछ त्यौहार बीत जाने के बाद भी माहौल बनाए रखते हैं। इन दिनों होली को लेकर ऐसा ही माहौल है। आपके ऑफिस में भी होली के बाद का इवेंट ऑर्गनाइज हो रहा है और ऐसे में आप आउटफिट को लेकर परेशान हैं, तो आप कुर्ता प्लाजो और दुपट्टे सेट को कैरी कर सकती हैं। इन्हें पहनकर आप भी अपनी खूबसूरती में रंग भर सकती हैं।

अगर आपके ऑफिस में भी ऐसा ही कुछ फंक्शन रखा गया है और आप आउटफिट को लेकर काफी परेशान हैं, तो अब आपको फिक्र करने की जरूरत नहीं है। हम आपको कुछ ऐसे लाइट कलर के कुर्ता प्लाजो सेट बताएंगे, जिसे पहनकर आप अपने ऑफिस में होने वाले इवेंट के दौरान अपना जलवा बिखेर सकती हैं। आइए जानते हैं उन आउटफिट्स के बारे में।



### पहने ये आउटफिट

अगर आप भी ऑफिस में होने वाले इवेंट पर खूबसूरत दिखना चाहती हैं, तो आपके लिए लाइट कलर का मंदारिन कॉलर स्ट्रेट कुर्ता प्लाजो सेट एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। आप इसके साथ झुमके वियर कर सकती हैं और अपने बाल को स्ट्रेट रख सकती हैं।

### ए-लाइन कुर्ता प्लाजो सेट

ऑफिस में त्यौहार से जुड़ा कोई इवेंट है, तो आप लाइट कलर का गोल गले वाला सीक्विन्ड ए-लाइन कुर्ता प्लाजो और दुपट्टे के साथ तैयार सेट भी वेयर कर सकती हैं। इसमें न केवल आप स्टाइलिश लगेंगी बल्कि आप इस ड्रेस को पहनकर कंफर्टेबल महसूस करेंगी। आपको यह ड्रेस ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी। इस ड्रेस के साथ आप गोल्डन कलर के एक्सेसरीज कैरी कर सकती हैं। यही नहीं इस कुर्ता प्लाजो सेट के साथ आप हील्स भी शामिल कर सकती हैं।

VY HOSPITAL
We care for your Health
॥ मंगल भवन,अमंगलहारी ॥

NABH

विश्व किडनी दिवस 2026

निःशुल्क किडनी परामर्श शिविर

अपने किडनी स्वास्थ्य की जांच कराएं विशेषज्ञों से

किडनी जांचों पर 50% छूट

दिनांक -12 मार्च 2026

समय - सुबह 11 बजे से 03 बजे तक

स्थान - वी वाय हॉस्पिटल, कमल विहार रायपुर, छत्तीसगढ़



Dr. Sunit Choudhary
MBBS, MD, DM
किडनी रोग विशेषज्ञ

स्वस्थ किडनी, स्वस्थ जीवन

नोट - वी वाय हॉस्पिटल में किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा है उपलब्ध

वी वाय हॉस्पिटल

वी वाय हॉस्पिटल मार्ग कमल विहार, रायपुर (छ. ग.)
0771-4622222, 7225024301, 7225024302
www.vyhospital.in
info@vyhospital.in
vyhraipur
vyhospitalrpr
vyhraipur